
दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल
■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 350
ग्वालियर, शुक्रवार 09 सितम्बर 2022
पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## खास खबर

### भारत और जापान के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने की 2प्लस2 बैठक

**टोक्यो।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने गुरुवार को टोक्यो में अपने जापानी समकक्ष विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा और रक्षा मंत्री यासुकाजु हमदा के साथ दूसरी भारत-जापान 2प्लस2 विदेश और रक्षा मंत्री स्तरीय बैठक की। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कि मंत्रियों ने रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए दोनों देशों के लिए विशाल क्षमता को स्वीकार किया। बयान में कहा गया कि उन्होंने मानव रहित ग्राउंड व्हीकल/रोबोटिक्स और भारत-जापान संयुक्त कार्य समूह के रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी सहयोग के क्षेत्रों में चल रहे सहयोग पर संतोष व्यक्त किया और रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में भविष्य के सहयोग के लिए ठोस क्षेत्रों की पहचान करने के लिए सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्री जयशंकर ने 2प्लस2 मंत्रिस्तरीय वार्ता समाप्त होने पर कहा कि हमने आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय मुद्दों की विस्तृत श्रृंखला को कवर किया। हम विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का अनुसरण कर रहे हैं। भारत और जापान के बीच रक्षा उपकरण और तकनीकी सहयोग बढ़ाना प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। इसके पहले राजनाथ सिंह और जापान के उनके समकक्ष यासुकाजु हमदा ने द्विपक्षीय वार्ता में द्विपक्षीय व बहुपक्षीय अभ्यास जारी रखने को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त कर इस बात को लेकर सहमति व्यक्त की कि सैन्य अभ्यास के जल्द से जल्द शुरू होने से दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच ''अधिक सहयोग'' बढ़ेगा।

### असम के सीएम सरमा की 'अखंड भारत' बयान को पाकिस्तान ने नकारा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा के 'अखंड भारत' के विचार का प्रचार करने संबंधी बयान को सिरे नकार दिया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के बयान में सरमा की उस टिप्पणी का जिक्र किया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अगर अपने पूर्वजों द्वारा किये गये देश के विभाजन को लेकर कोई पछतावा है तो उन्हें 'अखंड भारत' के निर्माण के लिए भारत के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश को एकीकृत करने का प्रयास करना चाहिए। सरमा ने राहुल के नेतृत्व में हो रही कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के संदर्भ में यह बयान दिया था। विदेश कार्यालय के बयान में कहा गया है, '(सरमा द्वारा) निरर्थक दावा सत्तारूढ़ भाजपा के 'हिंदुत्व' बहुसंख्यकवादी एजेंडे और इसकी विस्तारवादी मानसिकता की अभिव्यक्ति है, जो अपने देश के धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ-साथ पड़ोसी देशों की पहचान और संस्कृति को मिटाना चाहती है।

### महाराष्ट्र में मिले कोरोना के 1076 मरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे है. बीते 24 घंटे के दौरान राज्य में 1076 नए कोरोना मरीज मिले हैं। जबकि कुल 1031 मरीज कोरोना मुक्त होकर घर लौट चुके हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुरुवार को राज्य में 6 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत दर्ज की गई है. इस प्रकार अबतक 1 लाख 48 280 लोगों की मौत हो चुकी है. इससे राज्य में मृत्यु दर 1.82 प्रतिशत है। वहीं राज्य में अब तक 79,53,080 कोरोना मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं। जिससे कोरोना मरीजों के ठीक होने की दर 98.08 फीसदी पर पहुंच गई है. वहीं इस समय राज्य में कुल 7082 एक्टिव मरीज है।

### नीट-यूजी परीक्षा के नतीजों के बाद 19 वर्षीय लड़की ने की आत्महत्या

**तिरुवल्लुर।** हाल ही में घोषित किए गए नीट-यूजी परीक्षा के नतीजों के बाद तमिलनाडु के तिरुवल्लुर जिले में 19 वर्षीय लड़की की कथित तौर पर आत्महत्या करने के बाद मौत हो गई। लड़की अपने आवास पर लटकी हुई पाई गई थी। बताया जा रहा है कि नीट-यूजी परीक्षा में पास नहीं कर पाने के कारण वह सदमे में थी। पुलिस ने बताया कि चोलापुरम की निवासी लक्ष्य श्वेता ने सुसाइड कर लिया। ये छात्रा फिलीपींस में एमबीबीएस सेकेंड ईयर की पढ़ाई भी कर रही थी। स्वेता सरकारी स्कूल की प्रधानाध्यापिका की बेटी थी, लड़की 2019 में 12वीं कक्षा पास की थी। वह फिलीपींस जाने से पहले अपनी मां के साथ रह रही थी, क्योंकि उसकी मां उसके पिता से अलग हो गई थीं। पुलिस ने कहा कि अपनी असफलता के बाद उसने हॉल में शॉल से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। नीट परीक्षा के नतीजे के आने के बाद नोएडा में भी सेक्टर 151 स्थित अमन सोसाइटी में एक छात्रा ने 7वीं मंजिल से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। नीट की परीक्षा में फेल होने के बाद 20 वर्षीय छात्रा ने ये कदम उठाया। छात्रा का परिवार सोसायटी के टॉवर 5 में रहता है।

# पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ में डूबा पीएम बोले 'समुद्र की तरह' दिखने लगा है देश

**इस्लामाबाद।** मूसलाधार बारिश के चलते पाकिस्तान में बाढ़ के हालात है प्राकृतिक आपदा से देश के चारों ओर पानी ही है। देश का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ से डूब गया है। बाढ़ से अब तक मरने वालों की संख्या 1,343 हो गई है। बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि पाकिस्तान एक समुद्र की तरह लग रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को सिंध के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद मीडिया को बताया कि आपको वहां विनाश के पैमानों पर विश्वास नहीं होगा। जहां तक आप देखेंगे वहां तक पानी ही पानी होगा। पूरा क्षेत्र 'समुद्र की तरह' लग रहा है। यह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र दक्षिण एशियाई राष्ट्र के एक तिहाई हिस्से को कवर करते हैं, जहां 18 और मौतों के कारण मरने वालों की संख्या 1,343 हो गई है। राष्ट्रीय आपदा अधिकारियों ने



कहा कि पिछले 24 घंटों में मरने वालों में आठ बच्चे शामिल हैं। पाकिस्तान के उत्तरी पहाड़ों में रिकॉर्ड तोड़ मानसूनी बारिश और ग्लेशियर के पिघलने से बाढ़ आई थी। शरीफ ने कहा कि सरकार ने पीड़ितों के लिए नकद सहायता को बढ़ाकर 70 अरब पाकिस्तानी रुपए (313.90 मिलियन डॉलर) कर दिया है। विस्थापित परिवारों के लिए 200,000 टेंट खरीदा जाएगा। हमें इस आपदा से निपटने के लिए खरबों रुपये की आवश्यकता होगी। इस आपदा में संयुक्त राष्ट्र ने भी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 160 मिलियन डॉलर की सहायता राशि की घोषणा की है। प्रभावित लोगों में सबसे ज्यादा सिंध के हैं क्योंकि यहां पानी के तेज बहाव से झील का किनारा क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां से 1 लाख लोगों को विस्थापित कर दिया गया है। अधिकारियों का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हुई आपदा में 220 मिलियन की आबादी में 33 मिलियन लोग प्रभावित हुए हैं, जिस वजह से सैकड़ों हजारों लोग बेघर हो गए हैं और कम से कम 10 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पहले ही कह चुका है कि बाढ़ वाले क्षेत्रों में 6.4 मिलियन से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। पाकिस्तान में जुलाई और अगस्त में 30 साल के औसत से लगभग 190 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है, जो कुल 391 मिमी (15.4 इंच) है, जबकि सिंध में औसत से 466 फीसदी अधिक बारिश हुई है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचआरसी) के एक शीर्ष अधिकारी ने चेतावनी दी है कि आने वाले महीनों में अभी और बारिश होने की संभावना है, जिस कारण स्थिति और खराब हो सकती है।

## तेज बारिश से बेंगलुरु पानी-पानी, आईएमडी ने तटीय इलाकों के लिए जारी किया रेड अलर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में गुरुवार की सुबह मेघों की गर्जना के साथ ही अन्य शहरों में भारी बारिश हो रही है। सरजापुर रोड और मराठाहल्ली हिस्सों में बारिश शुरू हो गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बेंगलुरु में 11 सितंबर तक बारिश की चेतावनी जारी की है। बारिश ने अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। बेलंदूर, कैकोंद्रह्ली और सोलू झीलें उफान पर हैं। पानी रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहा है। अगर बारिश नहीं रुकी तो कई इलाकों में बाढ़ आ सकती है। इकोस्पेस बिजनेस पार्क में जलजमाव जारी है। अगर बारिश जारी रही तो मराठाहल्ली आउटर रिंग रोड पर बड़े ट्रैफिक जाम की आशंका है। बुधवार को बारिश थमने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। रात भर बारिश नहीं हुई, जिससे सरजापुर रोड पर जल स्तर काफी नीचे आ गया और ट्रैफिक सुचारू रूप से चलने लगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 11 सितंबर तक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मसूलाधार बारिश से सिलिकॉन सिटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, खासकर बेंगलुरु पूर्व में महादेवपुरा और बोम्मनहल्ली क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या शुरू हो गई है। आपूर्ति और बुनियादी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। कर्नाटक राज्य के और क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़ और उडुपी के तटीय जिलों को गुरुवार के लिए रेड अलर्ट दिया गया है। चिकमंगलूर, कोडागु और उत्तरी कर्नाटक के जिलों बेलगावी, बीदर और रायचूर में शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में गरज के साथ बारिश का अनुमान है और अधिकारियों ने तीन तटीय जिलों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। बागलकोट, धारवाड़, गडग, हावेरी, कालाबुरागी, विजयपुरा, यादगीर, बीदर, रायचूर, बल्लारी, बेंगलुरु ग्रामीण, चामराजनगर, हासन, दावणगेरे, मैसूर, मांड्या में 11 सितंबर तक येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## राजस्थान- सिरोही में ट्रक और कार की भीषण भिड़ंत, एक ही गांव के 6 लोगों की दर्दनाक मौत

**सिरोही।** देश में बढ़ते सड़क हादसों के बीच राजस्थान के सिरोही जिले में एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना आबूरोड के मावल रीको इलाके में हुई, हादसा कार और ट्रक की भिड़ंत के कारण हुआ। हादसे में मौत के शिकार हुए सभी छह लोग कार में सवार थे। हादसे के बाद कार कबाड़ में बदल गई और शव उनमें फंस गये। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत कर शवों को बाहर निकाला। हादसे के बाद हाईवे पर करीब चार घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे की सूचना पर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार शाम को हुआ। हादसे के शिकार हुए लोग सिरोही के सारणेश्वर महादेव मंदिर के मेले में शामिल होने के लिये आये थे। वहां से ये लोग वापस कार में सवार होकर नेशनल हाईवे से आबूरोड से गुजरात अपने घर की तरफ जा रहे थे।




## आदमपुर उपचुनाव एक ट्रेलर हैं, 2024 में हरियाणा में होगी आप सरकार : केजरीवाल

**गुरुग्राम।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को हरियाणा के आदमपुर में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करने के बाद आदमपुर मंडी में रैली को संबोधित किया। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान उनके साथ हैं। आप की तिरंगा यात्रा हिसार के आदमपुर के क्रांति चौक से शुरू हुई। केजरीवाल ने दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की जमकर प्रशंसा की। इसके साथ ही केजरीवाल ने आदमपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में लोगों से आप को वोट देने का आग्रह किया। केजरीवाल ने कहा कि 2019 में पंजाब में लोकसभा की हमारी एक सीट आई थी और आज 2022 में पंजाब में आप की सरकार है। उन्होंने कहा कि मैं यह वादा करता हूं कि आप 2022 में आम आदमी पार्टी को आदमपुर की सीट जिता दो, मैं आपसे वादा करता हूं कि 2024 में हरियाणा में आप की सरकार होगी। केजरीवाल ने कहा कि दो साल बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं और यह उपचुनाव एक ट्रेलर है। केजरीवाल को एक मौका दें। अगर मैं हरियाणा को बदलने में सक्षम नहीं हूं, तब मुझे बाहर निकाल देना। उन्होंने कहा कि हमें आदमपुर से विजयी बनाएं, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप हरियाणा में सरकार बनाएगी।



## याकूब मेमन की क़ब्र को सजाया गया, भाजपा का आरोप उद्धव सरकार में क़ब्र का सौंदर्यीकरण किया गया



### ठाकरे, पवार और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी माफी मांगे

**मुंबई।** 1993 मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन की कब्र को लेकर महाराष्ट्र में सियासी संग्राम छिड़ गया है। भाजपा ने राज्य की पिछली उद्धव ठाकरे सरकार पर कब्र को मजार में बदलकर सौंदर्यीकरण का आरोप लगाया है। साथ ही पार्टी ने महाविकास अघाड़ी गठबंधन में शामिल रहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस से भी माफी की मांग की है।

भाजपा नेता राम कदम ने ट्वीट किया, उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे। उस काल में मुंबई में पाकिस्तान के इशारे पर 1993 में बंम कांड करने वाला खूंखार आतंकवादी याकूब मेमन की कब्र मजार में तब्दील हो गई। यहीं हैं, इनका मुंबई से प्यार, यही इनकी देश भक्ती? ठाकरे सहित शरद पवार तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी माफी मांगे मुंबई की जनता की।% साथ ही उन्होंने ट्वीट के जरिए कब्र की दो फोटो भी शेयर की हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है। पहले मजार किस तरह की दिखती थी, लेकिन अब कैसी नजर आ रही है। कदम की तरफ से साझा तस्वीर के अनुसार, नई तस्वीर में कब्र पर मार्बल और लाइट्स नजर आ रही हैं। जबकि, पुरानी तस्वीर इससे अलग है।उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई के भी संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, बदली हुई सरकार में आतंकवादी की जगह जो होनी चाहिए वहीं जगह दिखाई जाएगी। मेमन को 30 जुलाई 2015 को नागपुर सेंट्रल जेल में फांसी दे दी गई थी। उसके भाई टाइगर मेमन भी सिलसिलेवार धमाकों में मुख्य आरोपी है। मेमन को मुंबई के बड़ा कब्रस्तान में दफनाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जामा मस्जिद के चेयरमैन ने इस बात को स्वीकारा है कि कब्र को सजाया गया था, लेकिन यह भी बताया गया कि ऐसा करने के लिए याकूब की कब्र के लिए कोई अलग से इजाजत नहीं दी गई थी।

## 2024 के लिए एकजुट होंगे मैं, नीतिश, हेंमत और अन्य नेता, बंगाल से शुरु होगा खेला होबे : ममता

### पीएम के बुलावे पर भड़की ममता क्यों मैं उनकी नौकर हूं

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्षी एकजुटता की कवायद शुरू हो चुकी है। विपक्ष के कई नेता एक-दूसरे से मिल रहे हैं, और 2024 को लेकर नई रणनीति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच सबसे बड़ा सवाल यहीं है, कि विपक्ष को प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा? वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भी बयान सामने आ गया है। ममता ने विपक्षी एकता पर कहा कि नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन, मैं और अन्य नेता 2024 के लोकसभा चुनाव में एक



साथ आएंगे। उन्होंने कहा कि 2024 में हम एक खेल खेलने वाले हैं, जो बंगाल से शुरू होगा। हेमंत, अखिलेश , नीतीश , मैं और अन्य दोस्त तब एकजुट होंगे। फिर वे (भाजपा) सरकार कैसे बनाएंगे? बीजेपी सरकार की कोई जरूरत नहीं। इसका मतलब साफ है कि विपक्षी नेता साथ आने को तैयार हैं, लेकिन पीएम पद की दावेदारी को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। ममता का यह बयान उस समय में आया है, जब बिहार के मुख्यमंत्री एनडीए से अलग होकर विपक्षी एकजुटता की कवायद में दिल्ली पहुंचे थे और विपक्ष के कई नेताओं से मुलाकात की थी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत यात्रा पर हैं। इसपर ममता ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, लेकिन केंद्र ने भारत की उनकी आधिकारिक यात्रा का हिस्सा बनने के लिए मुझे आमंत्रित नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत आईं और मुझसे मिलने की इच्छा के बावजूद बंगाल नहीं आईं।

## गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में बड़ी चूक, सांसद का पीए कहकर काफिले में घुसा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के दो दिवसीय दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है. इस मामले में मुंबई पुलिस ने 32 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है. पता चला है कि अमित शाह के मुंबई दौरे के दौरान इस शख्स ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर जाने की कोशिश की. इस दौरान उस व्यक्ति ने अमित शाह से संपर्क करने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक हेमंत पवार खुद को आंध्र प्रदेश के एक सांसद का पीए बता रहा था। शाह के मुंबई दौरे के दौरान हेमंत पवार नाम के शख्स ने अधिकारी होने का नाटक कर अमित शाह के करीब जाने की कोशिश की. पुलिस ने इस आरोप में हेमंत पवार को आईपीसी की धारा 170 और



धारा 171 के तहत गिरफ्तार किया है. मालूम हो कि अमित शाह 5 सितंबर को मुंबई के दौरे पर थे। लालबाग के राजा के दर्शन करने के बाद शाह उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सागर बंगले में भाजपा नेताओं के साथ बैठक करने गए. इस दौरान उनके आसपास घूमने वाला शख्स भी सागर बंगले में घुस गया। आरोपी के गले में पहचान पत्र था। आरोपी हेमंत ने पुलिस और शाह के पास मौजूद सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंकने के लिए केंद्रीय गृह विभाग का सुरक्षा अधिकारी होने का नाटक किया था। उसने अपने गले में गृह मंत्रालय/मिनिस्ट्री ऑफ होमअफेअर्स के नाम का नीला रंग का रिबन लगाकर सरकारी अधिकारी होने का नाटक किया। इसलिए किसी को शक नहीं हुआ। इस फर्जी आईडी कार्ड की मदद से हेमंत ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सागर बंगले में अमित शाह के कार्यक्रम में जाने की कोशिश की. कुछ समय बाद मंत्रालय में एक उच्च पदस्थ अधिकारी के संज्ञान में आया कि यह संदेहास्पद व्यक्ति है।

## ईडी की सक्रियता ने 23 हजार करोड़ रुपए वसूले, मनी लॉन्ड्रिंग केस में आर्थिक अपराधियों पर कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सक्रियता से आर्थिक अपराधियों पर एक हद तक नकेल कसने में सफलता पाई है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों की जांच पर तेजी से काम कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है। इस एजेंसी के खिलाफ विपक्षी नेता हमेशा निशाना साधते हैं। लेकिन ईडी के कामकाज पर अगर नजर डाले तो उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। साल 2005 में इस एजेंसी का गठन किया गया था। तब से लेकर अब तक यानी पिछले 15 सालों में ईडी ने बैंकों के फंसे 23 हज़ार कर्ज को वापस दिलाया है। साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग के तहत 992 केसों में चार्जशीट फाइल की है। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत ईडी ने अब तक 8 हजार 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है। एजेंसी ने जिन आरोपियों की संपत्ति कुर्क की थी, उनकी संपत्ति बेचकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 23,000 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। बता दें कि ईडी मनी




लॉन्ड्रिंग के अलावा फेमा और भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत अपराधों की जांच के लिए भी नामित एजेंसी है। साल 2018 में उन्हें ये अधिकार दिए गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग के तहत ज्यादातर केस पेंडिंग हैं। लेकिन इसके बावजूद एजेंसी ने अब 25 लोगों को सज़ा दिलाई है। बता दें एजेंसी पर कई तरह की कानूनी अड़चनें आती हैं। दरअसल उनके पास कई ऐसे लोगों के केस हैं जो बड़े बिजनेसमैन और नेता हैं। ये ऐसे लोग हैं जो कानून से बचने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। 2005 के बाद से, प्रवर्तन एजेंसी ने पीएमएलए के तहत 5,400 से अधिक जांच दर्ज की हैं। ये प्रवर्तन निदेशालय के लिए परीक्षा की घड़ी है। ये देखना अहम होगा कि वो कितने प्रभावी ढंग से मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग केस को डील करते हैं। एजेंसी को पेरिस की फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के आधार पर तैयार किया गया है। ऐसे में एजेंसी को ये भी दिखाना होता कि वो कामकाज में कितने प्रभावी है। ईडी को एफएटीएफ को ये दिखाना होगा कि पीएमएलए और टेरर फंडिंग के केस किस तरह से डील हो रहे हैं। एफएटीएफ के अच्छे स्कोर के बाद ही किसी देश को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड से लोन दिए जाते हैं।

# सुपर फोर के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान के साथ खेली टीम इंडिया

## शाम 7:30 बजे से शुरू होगा दोनों टीमों के बीच मुकाबला

**दुबई** । श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप के सुपर-फोर में हार की निराशा से उबरकर भारतीय टीम गुरुवार को तीसरे ओर अंतिम मुकाबले में अफगानिस्तान से खेलेगी। खिताबी दौड़ से बाहर हुई भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल कर इस टूर्नामेंट से विदा लेना रहेगा। इस मैच में भारतीय टीम का इरादा अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें दूर करना रहेगा। अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम इस मैच में अपनी रणनीति को भी बेहतर तरीके से लागू करना चाहेगी। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अभी तक अपनी पूरी क्षमता के अनुरुप नहीं खेल पाई है। पाक और श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम को करीबी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। इन दोनो ही मुकाबलों में मध्यक्रम उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाया। वहीं गेंदबाजी भी उम्मीद के अनुसार नहीं रही। भुवनेश्वर कुमार दोनो ही मुकाबलों में महंगे साबित हुए। एक प्रकार से कहा जाये तो अंतिम ओवरों में वह अंकुश नहीं लगा पाये जिससे मैच भारतीय टीम के हाथों से निकल गये।



भारतीय टीम की रणनीति में लचीलापन की कमी भी नजर आ रही है। ऐसे में कोच राहुल द्रविड़ कड़े फैसले ले सकते हैं। पिछले दोनो मैच में टीम चयन पर भी दिग्गजों ने सवाल उठाये हैं। टीम के पास किसी भी रणनीति के लिए दूसरी योजना नजर नहीं आती है। ऐसे में इस मैच में भारतीय टीम में कुछ बदलाव भी नजर आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम की बात करें तो उसके पास राशिद खान, मुजीब जादरान, मोहम्मद नबी, हजरतुल्लाह ज़ज़ई और रहमानुल्ला गुरबाज जैसे शानदार खिलाड़ी हैं। ऐसे में भारतीय टीम की राह इस मैच में भी आसान नहीं हैं।

अफगानिस्तान टीम ने दिखाया है कि वह बल्लेबाजी में भी कमजोर नहीं है और 170 रन के लक्ष्य को भी हासिल कर सकती है। टी-20 ऐसा प्रारूप है जिसमें एक खिलाड़ी मैच के हालात बदल सकता है। अफगानिस्तान के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं।

वहीं भारतीय टीम के मुख्य कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव और अन्य विकल्पों को आजमाने का उत्साह नहीं दिखया है। अब यह देखना होगा कि दिनेश कार्तिक को ऋषभ पंत या दीपक हुड्डा की जगह अंतिम एकादश में जगह मिलती है या नहीं। हुड्डा को श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया पर उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी थी।

श्रीलंका के खिलाफ मैच से यह भी साफ हो गया कि टीम को पांचवें विशेषज्ञ गेंदबाज के रूप में किसी को शामिल करना होगा और इसके लिए वह ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर आधारित नहीं रह सकती है। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की थी पर शीर्ष कम्र विफल रहा था। ऐसे में उम्मीद है कि शीर्ष क्रम में भी बदलाव हो सकते हैं।

गेंदबाजी की बात करें तो अनुभवी भुवनेश्वर कुमार अंतिम ओवरों में बेहद महंगे साबित हुए। ऐसे में उनकी जगह किसी अन्य गेंदबाज को अवसर मिल सकता है। युवा अर्शदीप सिंह ने अब तक प्रभावी गेंदबाजी की है ओर ऐसे में वह बने रहेंगे।

### दोनो ही टीम इस प्रकार हैं :-

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

**अफगानिस्तान :** मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह ज़द्रान (उप कप्तान), अफसर ज़ज़ई, अज़्मतुल्लाह ओमरज़ई, फरीद अहमद मलिक, फ़ज़ल हक फ़ारूक़ी, हशमतुल्ला शाहिदी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, इब्राहिम ज़द्रान, करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नजीबुल्लाह ज़द्रान, नवीन उल हक, नूर अहमद, रहमानुल्ला गुरबाज, राशिद खान और समीउल्लाह शिनवारी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पाक बल्लेबाज आसिफ ने अफगानिस्तान के गेंदबाज फरीद को मारने बल्ला उठाया

**दुबई।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एशिया कप क्रिकेट के सुपर-फोर मुकाबले में जबरदस्त संघर्ष के अलावा वह सब भी हुआ जिससे खेल की छवि प्रभावित हुई है। इस मैच में नसीम शाह ने 20वें ओवर की पहली दो गेंद पर दो छक्के लगाकर पाक टीम को 1 विकेट से जीत दिला दी। इस मैच में पाक टीम की बल्लेबाजी के दौरान 19वें ओवर में ही बल्लेबाज आसिफ अली और अफगानिस्तान के गेंदबाज फरीद अहमद के बीच मारपीट होते-होते बची। आसिफ ने फरीद को मारने के लिए बल्ला तक उठा लिया पर अंपायर और अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने बीच में आकर दोनो को अलग-अलग किया। इस मैच में पारी का 19वां ओवर फेंकने फरीद आये। उन्होंने अपनी दूसरी ही गेंद पर पाक के हारिस रउफ को पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद आसिफ ने एक गेंद पर छक्का लगा दिया। इसके बाद फरीद की अगली ही गेंद पर आसिफ विकेट के पीछे कैच हो गये। आसिफ का विकेट मिलने पर फरीद ने उत्साहित होकर पवेलियन लौट रहे आसिफ पर कोई टिप्पणी की जिससे आसिफ भड़क गए और उन्होंने फरीद को मारने के लिए बल्ला तक उठा लिया।

### जडेजा के घुटने की सर्जरी सफल रही

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के घुटने की सर्जरी सफल रही है। जडेजा के जल्द ही रिहैब शुरू करने की संभावनाएं हैं। जडेजा लीग मुकाबलों के दौरान की दाहिने घुटने की पुरानी चोट उबरने के कारण एशिया कप सुपर फोर मुकाबलों से पहले बाहर हो गये थे। जडेजा ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी सर्जरी सफल रही है। साथ ही कहा कि बड़ी तादाद में लोगों का मुझे समर्थन और सहयोग मुझे मिला है। इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसमें बीसीसीआई, मेरे टीम के साथी, सहयोगी स्टाफ, फिजियो, डॉक्टर और प्रशंसक सभी शामिल हैं। साथ ही कहा कि मैं जल्द ही अपना रिहैब शुरू करूंगा और जल्द से जल्द क्रिकेट की ओर वापसी का प्रयास करूंगा। गौरतलब है कि जडेजा अपने करियर में खराब फिटनेस के कारण कई बार बाहर हुए हैं। घुटने की चोट के कारण ही वह जुलाई में वेस्ट इंडीज दौरे पर भी शामिल नहीं हो पाये थे। एशिया कप से उन्होंने अच्छी वापसी की थी पर लीग मुकाबलों में उनकी यह चोट फिर उबर गयी थी।

### हेल्स की तीन साल बाद इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन** । बल्लेबाज एलेक्स हेल्स की तीन साल बाद इंग्लैंड टीम में वापसी हुई है। हेल्स को चोटिल जॉनी बेयरस्टो की जगह टीम में शामिल किया गया है। बेयरस्टो पिछले सप्ताह गोल्फ खेलने के दौरान घायल हो गये थे। इस कारण वह टी20 विश्व कप से भी बाहर हो हैं। बेयरस्टो को अब सर्जरी करानी होगी। ऐसे में वह लंबे समय तक टीम से बाहर रहेंगे। ऐसे में हेल्स को वापस बुलाया गया है। उन्हें साल 2019 में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मादक पदार्थों के सेवन के कारण टीम से बाहर कर दिया था। तब इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान रहे इयोन मॉर्गन ने हेल्स के व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा था कि उन्होंने टीम के मूल्यों को बनाये नहीं रखा है , इसलिए उनपर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हेल्स की वापसी से इंग्लैंड की नीति में बदलाव का भी पता चलता है। मॉर्गन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद जोस बटलर सीमित ओवरों की टीम की कमान संभाल रहे हैं। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हेल्स को इस महीने पाकिस्तान में सात मैचों की टी20 सीरीज के लिए भी इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है।

# युवराज और हरभजन के नाम पर होंगे मोहाली स्टेडियम के दो स्टैंड






**नई दिल्ली** । पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने कहा है कि मोहाली के आईएस बिंद्रा इंटरनेशनल स्टेडियम में बने दो स्टैंडों के नाम हरभजन सिंह और युवराज सिंह होंगे। पीसीए युवराज ओर हरभजन को प्रवेश का गौरव मानता है। इसलिए उसने स्टैंडों का नाम इनके नाम पर रखने का यह फैसला किया है। इसके तहत प्रसिद्ध टैरेस ब्लॉक का नाम बदलकर ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह के नाम पर रखा गया है। हरभजन ने साल 2011 के विश्व कप और टी20 विश्व कप सहित कई मुकाबले जीतने में टीम की सहायता की है। हरभजन ने अपने करियर में 103 टेस्ट, 236 एकदिवसीय मुकाबले खेलने के साथ ही 28 टी20 मुकाबले भी खेले हैं और तीनों ही प्रारूपों में कुल मिलाकर 711 विकेट लिए हैं।वहीं स्टेडियम के नॉर्थ पवेलियन का नाम युवराज के नाम पर रखा गया है। युवराज ने साल 2011 विश्व कप जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। युवराज ने इसके साथ ही साल 2007 टी 20 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। युवराज ने 40 टेस्ट, 304 एकदिवसीय और 58 टी20 मैच खेलकर तीनों प्रारूपों में 11,778 रन बनाने के साथ ही 148 विकेट भी लिए है। पीसीए सचिव दिलशेर खन्ना ने कहा कि अध्यक्ष गुलज़ार इंदर चहल के नेतृत्व में पीसीए कार्यकारी समिति ने इन दोनो क्रिकेटरों को सम्मानित करने के लिए इनके नाम पर टेरेस ब्लॉक और नॉर्थ पवेलियन स्टैंड का नाम रखने का फैसला किया है।

# अफगानिस्तान टीम अच्छी वापसी करेगी : राशिद

**दुबई** । एशिया कप क्रिकेट के सुपर-फोर में पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार से अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान निराश हैं पर उन्होंने हौंसला नहीं खोया है। राशिद ने कहा कि हमारी टीम कड़े मुकाबले के बाद हारी है और वह आने वाले समय में शानदार वापसी करेगी। दोनो ही टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में पाक टीम को अंतिम ओवर में जीत मिली। मैच में अफगानिस्तान की टीम ने पाक को हावी होने का अवसर नहीं देते हुए अपने को मुकाबले में बनाये रखा। पाक टीम बड़ी मुश्किल से एक विकेट से जीत पायी। राशिद ने इस मुकाबले के बाद ट्वीट किया, 'हम अंत तक लड़े और मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हम सीखते रहेंगे और आने वाले दिनों में शानदार वापसी करेंगे।' साथ ही कहा कि अगर हमने कुछ और रन बनाये होते तो परिणाम कुछ ओर होता।

इस मैच में पाक टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की थी। वहीं अफगानिस्तान की टीम अच्छी शुरुआत के बाद भी बीच के ओवरों में संघर्ष करने के कारण छह विकेट पर 129 रन ही बना पायी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम भी लड़खड़ा गयी पर नसीम खान ने छक्का लगाकर उसे जीत दिला दी। अफगान टीम की ओर से फजलहक फारूकी और फरीद अहमद ने तीन-तीन जबकि राशिद खान ने दो विकेट लिए।



*स्पेन में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में गोल दागते हुए एटिलिटिको मैड्रिड के एंटोनी ग्रिजमैन।*

## व्यापार न्यूज

### वित्त मंत्रालय बजट तैयार करने का काम 10 अक्टूबर से शुरू करेगा

**नई दिल्ली** । घरेलू अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और विकसित देशों में मंदी की आशंका के बीच वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सालाना बजट तैयार करने का काम 10 अक्टूबर से शुरू करेगा। अगले वित्त वर्ष के बजट में उच्च मुद्रास्फीति, मांग को गति देने, रोजगार सृजन तथा आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को बनाए रखने के महत्वपूर्ण मुद्दों पर गौर करने की जरूरत होगी। इससे पहले दिन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महंगाई के रिकॉर्ड उच्चस्तर से नीचे आने के साथ यह मुद्दा अब बहुत महत्वपूर्ण नहीं रह गया है और अब सरकार के लिए प्राथमिकता रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को गति देना है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल और सीतारमण का यह पांचवां बजट होगा। साथ ही 2024 के अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव से पहले अंतिम पूर्ण बजट होगा। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट इकाई के बजट परिपत्र (2023-24) के अनुसार सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से शुरू होगी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों को बजट पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अस्थायी तौर पर अंतिम रूप दिया जाएगा। संशोधित अनुमान (आरई) को लेकर बैठकें नवंबर, 2022 के मध्य तक जारी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 का बजट संसद के बजट सत्र के पहले चरण में एक फरवरी को पेश किया जा सकता है। बजट सत्र आमतौर पर जनवरी के अंतिम सप्ताह से शुरू होता है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे चढ़ा

**मुंबई** । कच्चे तेल की कीमतों में कमी और अन्य एशियाई मुद्राओं में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 27 पैसे चढ़कर 79.68 के स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.72 पर खुला और फिर शुरुआती सौदों में बढ़त दर्ज करते हुए 79.68 के स्तर पर आ गया। इस तरह स्थानीय इकाई ने पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की बढ़त दर्ज की। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 79.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत गिरकर 109.78 पर आ गया।

# मोदी सरकार के फैसले से एयरलाइन कंपनियां की चांदी, यात्रियों को होगा ज्यादा फायदा


**मुंबई** । पिछले 2 साल से हवाई किराए पर लगी ऊपरी और नीचली सीमा को सरकार ने 31 अगस्त को हटा दिया था। पाबंदी के हटते ही एयरलाइन कंपनियां अपनी मर्जी से टिकटों के दाम तय कर रही हैं। पाबंदी का हटने का सबसे ज्यादा फायदा यात्रियों को हो रहा है। ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को अपनी ओर खींचने के लिए कंपनियों ने टिकट के दाम 25 फीसदी तक कम कर दिए हैं, हालांकि यह सभी रूटों पर नहीं है। कुछ रूट हैं, जहां का किराया काफी बढ़ गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि सरकार की तरफ से छूट मिलने के बाद हवाई किराए में कटौती आगे भी देखने को मिलेगी। फेयर कैप का मतलब था कि कंपनियां तय सीमा से कम किराया नहीं रख सकतीं और न ही ऊपरी सीमा से ज्यादा बढ़ा सकती थीं। नई एयरलाइन कंपनी अकासा एयर सस्ता हवाई सफर कराने में सबसे आगे है। अकासा एयर ने मुंबई से अहमदाबाद, मुंबई से बेंगलुरू और बेंगलुरू से कोच्चि की हवाई टिकटें 20 से 25 प्रतिशत तक सस्ती कर दी हैं। इंडिगो ने भी कई रूट्स पर अपनी टिकटों के दाम घटा दिए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अकासा एयर की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक 13 सितंबर को बेंगलुरु से मुंबई से बीच किराया 2,268 रुपये है। इस कीमत पर 30 सितंबर तक इस रूट पर यात्रा की जा सकती है। वहीं, मुंबई से बेंगलुरू अगर आप अकासा एयर से जाते हैं,तब आपको 2,000 रुपये भी कम खर्च करना होगा। कंपनी 13 से 30 सितंबर के बीच 1996 रुपये मुंबई से बेंगलुरू जाने के लिए चार्ज करेगी। बेंगलुरू से कोच्चि जाने के लिए यात्रियों को 1,747 रुपये खर्च करना होगा। वहीं, अकासा एयर की मुंबई से अहमदाबाद फ्लाइट की टिकट 1,397 रुपये में मिलेगी। इंडिगो ने भी अपने कई रूटों पर टिकटों के दाम घटाए हैं। इंडिगो ने बेंगलुरू से मुंबई का किराया घटाकर 2,269 रुपये कर दिया गया है। मुंबई से बेंगलुरू जाने के लिए 13 सितंबर को 2,418 रुपये इंडिगो फ्लाइट से यात्रा करने पर खर्च करना होगा। वहीं, अगर कोई यात्री एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई से बेंगलुरू जाना चाहता है, तब 5,103 रुपये खर्च करना होगा। वहीं, 13 सितंबर को विस्तारा की सबसे सस्ती फ्लाइट मुंबई से बेंगुलरू के लिए 7,098 रुपये में है।

### विदेशी कोषों की आवक से शेयर बाजार तेजी पर खुले

# सेंसेक्स 550 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,780.50 पर

**मुंबई** । विदेशी कोषों की आवक और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ खुले। इससे पहले लगातार दो कारोबारी सत्रों में बाजार को गिरावट का सामना करना पड़ा था। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 550.73 अंक चढ़कर 59,579.64 पर पहुंच गया। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 156.1 अंक बढ़कर 17,780.50 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के सभी 30 शेयर हरे निशान में थे। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल,



आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। सेंसेक्स बुधवार को 168.08 अंक की गिरावट के साथ 59,028.91 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 31.20 अंक टूटकर 17,624.40 पर बंद हुआ। वैसे तो आज के कारोबार में सभी सेक्टर्स बढ़त पर दिख रहे हैं, लेकिन निफ्टी आईटी और ऑटो ने बाजार को जबरदस्त रफ्तार दी है। इसके अलावा पीएसयू बैंक के सेक्टर्स में भी तेजी दिख रही है, जबकि पॉवर और फाइनेंशियल सेक्टर के स्टॉक ने भी मजबूत बढ़त बनाई है। एनडीटीवी के स्टॉक्स में 5 फीसदी का लोअर सर्किट लगा है, वहीं इंडिगो के शेयर भी 3 फीसदी नीचे आए हैं।

## अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में तेजी रही

**मुंबई** । अमेरिकी शेयर बाजार ने कई सत्र बाद बढ़त बनाई है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के ब्याज दरें बढ़ाने के बयान के बाद से वहां के शेयर बाजारों में लगातार गिरावट दिख रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 2.14 फीसदी का बंपर उछाल दिखा है। अमेरिका की तर्ज पर ही यूरोपीय शेयर बाजारों में भी पिछले कारोबारी सत्र में तेजी दिखी और ज्यादातर एक्सचेंज बढ़त पर बंद हुए। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर पिछले सत्र में 0.35 फीसदी की बढ़त दिखी, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.02 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। हालांकि, लंदन स्टॉक एक्सचेंज को पिछले सत्र में 0.86 फीसदी गिरावट का सामना करना पड़ा।

# नोएडा-गाजियाबाद में महंगा, लखनऊ में सस्ता हुआ पेट्रोल

**नई दिल्ली** । वैश्विब बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई बड़ी गिरावट के बाद घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के की कीमत पर भी असर पड़ा है। पिछले 24 घंटे में क्रूड के भाव करीब 4 डॉलर प्रति बैरल तक नीचे आ गए हैं। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में देश के चारों महानगरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन यूपी के कई शहरों में कीमतें बदल गई हैं। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल की कीमत 16 पैसे बढ़कर 96.92 रुपए प्रति लीटर तो डीजल 15 पैसे बढ़कर 90.08 रुपए लीटर पहुंच गई है। गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे महंगा हुआ और 96.58 रुपए लीटर के भाव बिक रहा, जबकि डीजल 30 पैसे चढ़कर 89.75 रुपए लीटर हो गया है। हालांकि, लखनऊ में



पेट्रोल के भाव 14 पैसे घटकर 96.43 रुपए लीटर और डीजल 13 पैसे घटकर 89.63 रुपए लीटर हो गया है। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दिखी है। ब्रेंट क्रूड का भाव पिछले 24 घंटे में करीब चार डॉलर घटकर 88.30 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि डब्ल्यूटीआई 4.13 डॉलर घटकर 82.41 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.43 रुपए और डीजल 89.63 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# एक मिनट में 25 हजार स्कॉर्पियो-एन की बुकिंग

**नई दिल्ली** । स्वदेशी कंपनी महिंद्रा की नई स्कॉर्पियो-एन ने लॉन्च के पहले दिन ही बुकिंग का रिकॉर्ड बना दिया था। मात्र एक मिनट में ही 25,000 स्कॉर्पियो-एन की बुकिंग हो गई थी। कंपनी ने स्कॉर्पियो क्लासिक को भी मार्केट में उतार दिया और इस एसयूवी को भी ग्राहक खूब पसंद कर कर रहे हैं। महिंद्रा की दोनों ही एसयूवीएस की जमकर बुकिंग हुई और कंपनी के पास इन दोनों गाड़ियों के लाखों ऑर्डर पेंडिंग पड़े हैं।

महिंद्रा ने अभी स्कॉर्पियो एन की डिलीवरी शुरू नहीं की है.महिंद्रा की दोनों स्कॉर्पियो को मिलाकर आंकड़ा देखें तो इन एसयूवीएस के फिलहाल 1.5 लाख ऑर्डर पेडिंग हैं। महिंद्रा ने 26 सितंबर से स्कॉर्पियो-एन की डिलीवरी शुरू करने का ऐलान किया है। कंपनी ने इस साल नवंबर तक स्कॉर्पियो एन की 25,000 यूनिट को डिलीवर करने का लक्ष्य रखा है।इसमें सबसे पहले पहले लोकप्रिय जेड 8 एल वेरिएंट को डिलीवर करने पर फोकस होगा। महिंद्रा स्कॉर्पियो एन की कीमत 11.99 लाख रुपये से शुरू होकर 23.90 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है।

उम्मीद जताई जा रही है कि 25,000 यूनिट्स की पहली खेप की डिलीवरी के बाद इसकी कीमतों में इजाफा हो सकता है।कंपनी ने कहा है कि वो 26 सितंबर से शुरू होने वाली डिलीवरी के पहले 20 दिन में ग्राहकों को 7,000 स्कॉर्पियो एन यूनिट्स डिलीवर करने पर फोकस करेगी.महिंद्रा की नई स्कॉर्पियो को चेन्नई की महिंद्रा रिसर्च वेली में तैयार किया गया है।नई स्कॉर्पियो का डिजाइन महिंद्रा इंडिया डिजाइन स्टूडियो में तैयार हुआ है।अन्य फीचर्स की बात करें तो महिंद्रा स्कॉर्पियो एन का इंस्ट्रूमेंट कंसोल पूरी तरह से डिजिटल मिलेगा।इसमें टचस्क्रीन सिस्टम भी बड़े साइज का है।8-इंच की टचस्क्रीन वाला इंफोटेनमेंट सिस्टम इसके इंटीरियर को दमदार बना रहा है।

इसके अलावा महिंद्रा स्कॉर्पियो एन में ब्रेक लाइट को डोर पर ऊपर की तरफ दिया गया है और टेल लाइट सी-शेप में है। फोर व्हील ड्राइव (4डब्ल्यूडी) फीचर सिर्फ महिंद्रा स्कॉर्पियो एन के झेड4, झेड8, झेड8एल के डीजल इंजन वाले ऑप्शन में है।इसे पांच वेरिएंट झेड2, झेड4, झेड6, झेड8, झेड8एल में उपलब्ध होगी.महिंद्रा स्कॉर्पियो एन को डीजल और पेट्रोल दोनों इंजनों के साथ उतारा गया है।दोनों इंजन में मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन मिलेंगे।

# ‘कुमकुम भाग्य’ को अपना दूसरा घर मानती हैं ‘आलिया’ बनी रेहाना पंडित



ज़ी टीवी बेहद फेमस शो कुमकुम भाग्य को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते हैं. शो के ट्वीस्ट को फैंस हमेशा ही पसंद करते हैं. इन दिनों शो में प्रज्ञा का एक नया अवतार देखने को मिल रहा है. कहानी के नए मोड़ के आने से फैंस को शो ने एक बार फिर से अपनी तरफ खींचा है.

कुमकुम भाग्य की कहानी अभि (शबीर अहलुवालिया), प्रज्ञा (सृति झा), आलिया (रेहना पंडित), तनु (लीना जुमानी), रणबीर (कृष्णा कौल) और प्राची (मुग्धा चापेकर ) के आस पास घूमती है. शो काफी समय से दर्शकों का पसंदीदा सीरियल बना हुआ है. हाल ही में इस शो में दो साल का लीप आया, जिसने सभी को चैंका दिया है और सभी यह जानने को उत्सुक हो गए कि अब इन किरदारों की जिंदगी में आगे क्या होगा! दर्शकों ने देखा कि कैसे सभी का भाग्य बदल गया है, खास तौर पर रेहना द्वारा निभाए जा रहे आलिया के किरदार में तो एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है. शो के नए रूप को लेकर एक्ट्रेस बेहद उत्साहित भी हैं. पिछले साल आलिया के रोल में आने के बाद से रेहना ‘कुमकुम भाग्य’ के सेट पर बढ़िया वक्त गुजार रही हैं और अब वो इसे अपना दूसरा घर मानने लगी हैं, रेहना ने हाल ही में बताता है, ‘‘जहां बीते कई सालों से ‘कुमकुम भाग्य’ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, वहीं मुझे पिछले साल ही इस शो में शामिल होने का मौका मिला, जब शिखा ने अपने बच्चे को जन्म देने के बाद इस शो को छोड़ा था तो सच कहूं तो जब से मैं इस शो में आई हूं, सबकुछ अच्छा हो रहा है. एक्ट्रेस ने कहा कि जहां शुरुआत में मैं शिखा की जगह आने में कतरा रही थी तो वहीं अब मुझे लगता है कि मैंने अब आलिया का किरदार पूरी तरह अपना लिया है. हालांकि, एक्टिंग के अलावा सभी कलाकारों के साथ मेरा शूटिंग का अनुभव भी शानदार रहा.

पूरे ‘कुमकुम भाग्य’ परिवार ने मेरा दिल से स्वागत किया और अब मैं बढ़िया लोगों के ग्रुप की सदस्य हूं. असल में इस शो में शबीर अहलुवालिया और सृति झा जैसे स्टार एक्टर्स भी हैं, लेकिन सेट पर उस तरह से कोई भी सामने नहीं आता है, सभी एक परिवार की तरह हैं, बड़े विनम्र और दयालु हैं और हम सब साथ मिलकर बहुत मस्ती करते हैं. एक्ट्रेस ने कहा कि हमारे बीच वाकई एक मजबूत रिश्ता बन गया है, और ‘कुमकुम भाग्य’ मेरे दूसरे घर की तरह बन गया है. यहां कोई भी जजमेंटल नहीं है या आपके काम के बीच में नहीं आता, बस वो आपको आपका सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं. इस शो का हिस्सा रहते हुए मेरा वक्त बढ़िया गुजर रहा है.‘‘ लीप के बाद अपने किरदार में आए बदलाव को लेकर रेहना बताती हैं, ‘‘आलिया के किरदार में बड़ा बदलाव आया है. अपनी दौलत खो देने के बाद आलिया का परिवार जैसे-तैसे गुजारा कर रहा है।

## आलिया भट्ट अभिनीत गंगूबाई काठियावाड़ी ओटीटी पर नहीं होगी रिलीज



आलिया भट्ट बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री मानी जाती हैं। काफी कम समय में उन्होंने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। इस साल वह निर्देशक संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर लाइम लाइट में रही हैं। हाल में आलिया ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी की है। मौजूदा हालात को देखते हुए इस फिल्म की डिजिटल रिलीज की खबरें भी सामने आई थीं। अब खबर है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह फिल्म ओटीटी के बजाय सीधे थिएटर में रिलीज होगी। कहा जा रहा है कि भंसाली फिल्म को थिएटर में रिलीज करने का मन बना चुके हैं। सूत्र ने कहा, जिस तरह आलिया की गंगूबाई काठियावाड़ी बनी है, उसके परिणामों को लेकर भंसाली बेहद खुश हैं। उन्हें लगता है कि दृश्यों और इमोशन के पैमाने पर गंगूबाई काठियावाड़ी उनकी अब तक की सबसे बड़ी और सर्वश्रेष्ठ फिल्म है। सूत्र ने बताया कि फिल्म को किसी भी कीमत पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज नहीं किया जा सकता है। जब पूछा गया कि यदि कोरोना महामारी के हालात जस के तस बने रहते हैं, तो क्या होगा। इसका जवाब देते हुए सूत्र ने कहा, भंसाली फिल्म की रिलीज के लिए इंतजार करने को तैयार हैं, चाहे इसमें कितना भी समय लगे। यह बड़ा बजट और भंसाली का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, इसलिए वह फिल्म को थिएटर में रिलीज करना चाहते हैं। गंगूबाई का असली नाम गंगा हरजीवनदास था, जो गुजरात के काठियावाड़ी की रहने वाली थीं। उन्हें 16 साल की उम्र में अपने पिता के अकाउंटेंट से प्यार हो गया था और वह उससे शादी करके मुंबई भाग आई थीं। कहा जाता है कि उनके पति ने उन्हें 500 रुपये में बेच दिया था। इसके बाद वह वेश्यावृत्ति करने लगीं। उन्होंने बाद में अपने जीवन में महिलाओं के हित में कई काम किए और गंगूबाई काठियावाड़ी के नाम से मशहूर हुईं।

# कितनी देर तक ब्रश करना चाहिए और कितनी देर तक दांतों को साफ करना चाहिए, जानें



ओरल हेल्थ यानी मुंह की स्वच्छता और सफाई हमारी सेहत का एक अहम हिस्सा है। क्या आप जानते हैं कि मुंह को ठीक ढंग से साफ न करने की वजह से आपको हृदय रोग भी हो सकता है? इसलिए अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं तो मुंह की सफाई भी बेहद जरूरी है। लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं तो बहुत ज्यादा रगड़कर ब्रश करते हैं या फिर बहुत देर तक दांतों को घिसते रहते हैं- ये सोचकर कि उनके दांत साफ और सफेद हो जाएंगे। लेकिन हकीकत ये है कि ये सारी चीजें ब्रशिंग से जुड़ी कॉमन गलतियां हैं।

**कितनी देर तक ब्रश करना चाहिए?**

अमेरिकन डेंटल एसोसिसएशन की मानें तो हर व्यक्ति को रोजाना दिन में 2 बार ब्रश करना चाहिए और हर बार 2 मिनट से ज्यादा दांतों को साफ नहीं करना चाहिए। अगर आप 2 मिनट से कम समय लेते हैं तो दांतों में जमा प्लाक को हटा नहीं पाएंगे। 2009 की एक स्टडी की मानें तो ज्यादातर लोग ब्रश करने में सिर्फ 45 सेकंड का समय लेते हैं। बहुत से लोग ऐसे भी हैं जिन्हें ब्रश करने में बहुत अधिक समय लगता है क्योंकि वे लंबे समय तक दांतों को रगड़ते रहते हैं। ऐसा करने से दांतों का इनैमल खराब हो जाता है।

**कैसा टूथब्रश यूज करना चाहिए?**

अपने दांतों को साफ करने के लिए आपको सॉफ्ट ब्रिसल्स वाले टूथब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए। बहुत हार्ड ब्रिसल्स वाले ब्रश की वजह से न सिर्फ दांतों का इनैमल क्षतिग्रस्त हो जाता है बल्कि मसूड़ों से जुड़ी दिक्कतें भी हो सकती हैं। इसलिए अगर ब्रश के ब्रिसल्स खराब होने लगें तो उन्हें तुरंत रिप्लेस कर देना चाहिए।

**कैसा टूथपेस्ट इस्तेमाल करना चाहिए?**

आपको ऐसे टूथपेस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए जिसमें फ्लोराइड की सही मात्रा हो। वयस्कों के टूथपेस्ट में 1350 पीपीएम फ्लोराइड होना चाहिए तो वहीं 6 साल से कम उम्र के बच्चे के टूथपेस्ट में 1000 पीपीएम फ्लोराइड होना चाहिए। 3 से 6 साल के बच्चों को मटर के दाने के बराबर टूथपेस्ट का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

**ब्रश करने का सही समय क्या है?**

कुछ डेंटिस्ट हर बार कुछ खाने के बाद ब्रश करने की सलाह देते हैं। लेकिन दिन में 2 बार एक बार सुबह और एक बार सोने से पहले दांतों को साफ करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा किसी तरह के एसिडिक फूड या ड्रिंक का सेवन करने के तुरंत बाद ब्रश न करें क्योंकि एसिड की वजह से दांत के इनैमल कमजोर हो जाते हैं और ब्रश करने पर हट जाते हैं।

**क्या माउथवॉश यूज करना चाहिए?**

अगर आप ऐसे माउथवॉश का इस्तेमाल करते हैं जिसमें फ्लोराइड है तो दांतों में सड़न की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। लेकिन ब्रश करने के तुरंत बाद माउथवॉश का इस्तेमाल न करें क्योंकि टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने के बाद दांतों पर जो फ्लोराइड जमता है माउथवॉश उसे बहा ले जाता है।

# देशभक्ति से लबरेज अजय देवगन की फिल्म भुज का ट्रेलर रिलीज

बीते दिन अजय देवगन ने अपनी फिल्म भुज का टीजर रिलीज किया था, जो कि मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। अब इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। अजय ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म का ट्रेलर ही दर्शकों में ऐसा उत्साह और रोमांच भर देने वाला है कि इसे देखने के बाद हर कोई फिल्म के लिए बेहद बेसब्र होने वाला है। आइए देखते हैं कैसा है भुज का ट्रेलर।

अजय ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ट्रेलर शेयर कर लिखा, जब बहादुरी आपकी ढाल बन जाती है तो हर कदम जीत की ओर बढ़ता है। अब तक की लड़ी गई सबसे बड़ी लड़ाई की अनकही कहानी का अनुभव लें। ट्रेलर में देशभक्ति से भरे डायलॉग की भरमार दिख रही है, वहीं, फिल्म के जबरदस्त



एक्शन दृश्य रोमांच पैदा कर देते हैं। एक बार फिर से अजय देवगन सैनिक की भूमिका में दर्शकों को खुश करते दिखाई दे रहे हैं।

फिल्म के बारे में बात करें तो इसकी कहानी एक ऐसे जांबाज एयरफोर्स अधिकारी की है, जिसने ना सिर्फ पाकिस्तान के हमले से अपने एयरबेस की सुरक्षा की, बल्कि जरूरत पड़ने पर उसने आसपास के गांवों की सैकड़ों महिलाओं की टोली बनाई और रातों-रात पूरे एयरबेस का नक्शा ही बदल दिया। अजय फिल्म में एयरफोर्स अधिकारी विजय कार्णिक का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म 13 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

भुज में अजय के अलावा संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, एमी विर्क, नोरा फतेही और शरद मल्होत्रा भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। संजय, रणछोड़दास पागी और सोनाक्षी, सुंदरबेन जेठा के किरदार में नजर आएंगी। वहीं, एमी को विक्रम सिंह बाज जेठाज और नोरा को हीना रहमान की भूमिका में देखा जाएगा। शरद केलकर भुज में आरके नायर का किरदार निभाएंगे।

## सीरियल साथ निभाना साथिया के प्रीक्वल का टाइटल होगा तेरा मेरा साथ रहे

साथ निभाना साथिया टीवी का चर्चित सीरियल रहा है। इस टीवी शो के बाद इसका दूसरा भाग साथ निभाना साथिया 2 प्रसारित हो चुका है। पिछले साल के बाद इस साल भी लॉकडाउन के बाद शो को बंद कर दिया गया था। शो से जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो इस सीरियल के प्रीक्वल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। साथ निभाना साथिया के प्रीक्वल का टाइटल तेरा मेरा साथ रहे रखा गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साथ निभाना साथिया के प्रीक्वल का टाइटल तेरा मेरा साथ रहे होगा। सीरियल के पहले सीजन में गोपी बहू के रूप में प्रसिद्धि पाने वालीं अभिनेत्री जिया मानेक इसके प्रीक्वल में फिर नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि वह अपने शो में दमदार भूमिका में होंगी, लेकिन नए शो में उनके चरित्र का नाम गोपिका रखा गया है। दर्शक जिया को फिर नए अवतार में देख पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीरियल के पहले सीजन में जिया के पति की भूमिका निभाने वाले मोहम्मद नाजिम इसके प्रीक्वल में फिर उनके जीवन साथी की भूमिका में दिखेंगे। एक सूत्र ने बताया, इस शो का शीर्षक आखिरकार निर्धारित किया गया है। शो के पात्रों के नाम अलग हैं क्योंकि यह एक अलग कहानी के साथ एक नया शो होगा। इस शो की शूटिंग जुलाई के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। शो का प्रसारण अगले महीने के अंत तक या सितंबर के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है। शो की शूटिंग तय शेड्यूल के अनुसार करने के लिए टीम अपनी तैयारियों में जुटी हैं। जिया ने एक इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि नहीं की है कि वह शो का हिस्सा होंगी। जिया ने बताया, मेरे पास कुछ प्रोजेक्ट हैं। भाग्य तय करेगा कि मैं किसे सेलेक्ट करूंगी। फिलहाल मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकती। टीवी सीरियल साथ निभाना साथिया का प्रसारण स्टार प्लस चैनल पर होता था। इस शो ने करीब 2100 एपिसोड पूरे किए हैं। इसमे रूपल पटेल, वंदना विठलानी, देवोलीना भट्टाचार्जी, नाजिम और जिया भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं। साथ निभाना साथिया का निर्देशन पवन कुमार द्वारा किया गया है।

# रोशनी वालिया का कान्स में बजेगा डंका



आपको टीवी शो ‘भारत का वीर पुत्र-महाराणा प्रताप’ की महारानी अजबदी याद हैं? उस किरदार को ऐक्ट्रेस रोशनी वालिया ने निभाया था। रोशनी वालिया उस किरदार से घर-घर मशहूर हो गई थीं। रोशनी वालिया अब कान फिल्म फेस्टिवल को लेकर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म ‘आई एम बन्नी’ अब कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। रोशनी वालिया इसे लेकर बेहद एक्साइटेड हैं।

रोशनी वालिया ने कहा कि वह ऐसी कॉन्टेंट बेस्ड फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं। बता दें कि ‘आई एम बन्नी’ साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है जो पढ़ना चाहती है। फिल्म की कहानी ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ पर आधारित है।

रोशनी वालिया ने अपने करियर की शुरुआत विज्ञापनों से की थी। इसके बाद वह 2012 में टीवी शो ‘मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की’ में नजर आईं। यह उनका पहला लीड रोल था। इसके बाद रोशनी वालिया ने ‘बालिका वधू-कच्ची उमर के पक्के रिश्ते’, ‘देवों के देव महादेव’, ‘भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप’, ‘ये वादा रहा’ और ‘तारा फ्रॉम सतारा’ जैसे टीवी शोज किए। रोशनी वालिया कुछ फिल्मों का भी हिस्सा रही हैं, जिनमें ‘माय फ्रेंड गणेशा 3’, ‘माय फ्रेंड गणेशा 4’, ‘फिरंगी’ और ‘मछली जल की रानी है’ जैसी फिल्में शामिल हैं। रोशनी वालिया सोशल मीडिया पर काफी पॉप्युलर हैं और उनकी तस्वीरें मिनटों में ही वायरल हो जाती हैं।

# पुराने योगा मैट को न समझें बेकार, इन तरीकों से करें इसका दोबारा इस्तेमाल



योगा मैट को योग का अहम हिस्सा माना जाता है क्योंकि इस पर योगाभ्यास करना काफी आसान होता है। हालांकि लगातार इस्तेमाल से यह एक समय बाद पुरानी लगने लगती है और कई लोग इसे बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन आप ऐसा न करें और अगर आपके पास कोई पुरानी योगा मैट रखा हुई है तो आप इसका कई बेहतरीन तरीकों से दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ तरीको के बारे में जानते हैं।

### बतौर फ्लोर रनर करें इस्तेमाल

अगर आपके घर में कालीन नहीं है तो आप उसकी जगह अपने पुराने योगा मैट का इस्तेमाल बतौर फ्लोर रनर कर सकते हैं। योगा मैट का यह इस्तेमाल करने से आपके जमीन पर फिसलने का खतरा काफी कम हो जाएगा। इसके अतिरिक्त इससे फर्श भी कुछ हद तक गंदा होने से बच सकेगा। आप चाहें तो योगा मैट को किनारों से काटकर अपने पसंदीदा आकार में बतौर फ्लोर रनर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### जार ओपनर की तरह करें इस्तेमाल

अकसर किसी चीज के जार या डिब्बे को खोलना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में आप पुराने योगा मैट का बतौर जार ओपनर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप योगा मैट को गोल आकार में काटकर इसे लिड के ऊपर रखकर घुमाएं। ऐसा करने से जार का ढक्कन आपके हाथ से बार-बार फिसलेगा नहीं और आसानी से खुल जाएगा।

**फर्नीचर खिसकाने के लिए पुराने योगा मैट का इस्तेमाल:** अकसर ऐसा होता है कि जब घर में किसी फर्नीचर की जगह बदलनी पड़ती है तो इससे फर्श पर खरोंच के निशान पड़ जाते हैं। लेकिन अगर आपके पास पुराना योगा मैट है तो आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। आपको बस इतना करना है कि फर्नीचर के पैरों के आकार के अनुसार योगा मैट को काटें और इसे फर्नीचर के नीचे चिपका दें। इसके बाद फर्नीचर के निशान जमीन पर नहीं पड़ेंगे।

**कैम्पिंग के दौरान भी आती है काम:** अगर आप यह सोच रहे हैं कि कैम्पिंग के दौरान योगा मैट का क्या काम तो आपको बता दें कि वास्तव में इस दौरान पुरानी योगा मैट आपके काफी काम आ सकती है। आप इसे अतिरिक्त स्लीपिंग मैट की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा खाना खाते समय भी आप इसे सामान के नीचे बिछा सकते हैं। इसी के साथ आप इसका इस्तेमाल कैम्पिंग के दौरान किसी भी जगह पर बैठने के लिए भी कर सकते हैं।

## अब ‘नखरेवाली’ बनेंगी सारा अली खान, आनंद एल राय की फिल्म में दिखेंगी ऐक्ट्रेस



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सारा अली खान ने हाल ही में डायरेक्टर आनंद एल राय की फिल्म ‘अतरंगी रे’ की शूटिंग पूरी की है। अब सारा अली खान एक बार फिर उनके प्रॉडक्शन हाउस की अगली फिल्म ‘नखरेवाली’ में लीड रोल में नजर आएंगी। सारा अली खान ने अक्षय कुमार और धनुष के साथ पहले ही फिल्म ‘अतरंगी रे’ की शूटिंग पूरी कर ली है। एक सोर्स ने खुलासा किया है, ‘सारा अली खान और आनंद एल राय ने पहली अतरंगी रे में काम किया है। दोनों को पहले प्रॉजेक्ट पर काम करने में बहुत मजा आया। एक बार फिल्म आने के बाद दर्शकों को बेहतरीन परफॉर्मेंस देखने को मिलेगा।’ सूत्रों ने आगे कहा, ‘सारा अली खान को आनंद एल राय की प्रॉडक्शन ने अगली फिल्म के लिए संपर्क किया है। इस फिल्म का टाइटल ‘नखरेवाली’ है। इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आएंगी।’ सोर्स ने आगे कहा कि आनंद एल राय फिल्म का डायरेक्शन नहीं करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा अली खान फिल्म ‘अतरंगी रे’ के अलावा डायरेक्टर आदित्य धर की फिल्म ‘द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा’ में काम करती दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ विकी कौशल हैं।

## सुनक की हार

ब्रिटेन में भारतवंशी प्रधानमंत्री बनने की संभावनाओं पर विराम लग गया है। 46 साल की लिज ट्रस प्रधानमंत्री बनी हैं। दक्षिणपंथी प्रत्याशी लिज अक्टूबर में बोरिस जॉनसन की जगह लेंगी। लिज को ब्रिटेन की सियासत में फायरब्रांड नेता के तौर पर जाना जाता है। दो महीने चले चुनाव प्रचार में उनकी एप्रोच कभी डिफेंसिव नहीं रही। बता दें कि 7 जुलाई को बोरिस जॉनसन ने पार्टी नेता के पद से इस्तीफा दिया था। उसके बाद कंजरवेटिव पार्टी में उनका मुकाबला भारतीय मूल के ऋषि सुनक से था। कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों की वोटिंग के पांचों राउंड में सुनक ने लिज ट्रस को मात दी थी, लेकिन अंतिम फैसला तो इस पार्टी के करीब 1 लाख 60 हजार रजिस्टर्ड मेंबर्स करते हैं। इसमें लिज ने बाजी मार ली। बोरिस जॉनसन भी सुनक के पक्ष में नहीं थे। सवाल यह उठता है कि आखिर शुरुआत में आगे चलने वाले तगड़े दावेदार सुनक क्यों हारे? ब्रिटिश मीडिया इसकी कई वजहें बता रहा है। इनमें से दो अहम हैं। पहली-पत्नी अक्षता के पास ब्रिटेन की नागरिकता न होना है। दूसरी-कंजर्वेटिव पार्टी के ज्यादातर ब्रिटिश मेंबर्स अपने ही देश के नागरिक को प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे। कंजर्वेटिव पार्टी के ज्यादातर सांसद सुनक के पक्ष में थे। बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद सुनक ने सबसे पहले प्रधानमंत्री पद का दावा ठोका। %रेडी फॉर ऋषि कैम्पेन से बढ़त बनाई। साजिद जाविद, नदीम जवाहिरी और आखिर में मॉरडेंट रेस से बाहर हुईं। ट्रस रेस में सबसे आखिर में शामिल हुईं और वक्त के साथ सबसे आगे निकल गईं। ट्रेड मिनिस्टर के तौर पर इस्तीफा देने के बाद सुनक की रेटिंग काफी हाई थी, लेकिन कुछ कंजर्वेटिव सांसद और पार्टी मेंबर्स मान रहे थे कि सुनक की वजह से ही जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा। उन्हें पीठ में छुरा घोंपने वाला तक कहा गया। सुनक ही वो शख्स थे, जिन्होंने बोरिस जॉनसन का एक तरह से तख्तापलट किया। वो भी तब जबकि जॉनसन ने ही सुनक के पॉलिटिकल करियर को आगे बढ़ाया था। इससे लोगों में नाराजगी थी। फिर प्रचार के शुरुआती दौर में एक वीडियो सामने आया। आरोप लगा कि सुनक ने शहरी इलाकों के लोगों से आर्थिक मदद ली। कहा गया कि पत्नी अक्षता तो ब्रिटिश क्वीन एलिजाबेथ से भी अमीर हैं। उनके पास 430 लाख पाउंड के एसेट्स हैं। इसके अलावा ब्रिटेन के लोग दोहरी नागरिकता रख सकते हैं, लेकिन सुनक जैसे बड़े नेता के लिए इसे अच्छा नहीं माना गया। कंजर्वेटिव पार्टी भी दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर अपने नेता का बचाव नहीं कर सकी। चुनाव के दौरान वादे भी सुनक के पक्ष में नहीं गए। लिज ट्रस ने टैक्स में कटौती करने के वादे पर चुनाव लड़ा है। उन्होंने पीएम बनने पर टैक्स में 1.25 फीसदी तक की कटौती करने का वादा किया है, जबकि ऋषि सुनक इसके उलट टैक्स बढ़ाने पर जोर देते रहे हैं। टैक्स कटौती से सिर्फ अमीरों को फायदा होगा, इसलिए इसकी जरूरत नहीं है। सुनक ने कहा था कि पीएम बनने के बाद वो उन परिवारों की मदद करेंगे, जो बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर परेशान हैं। ऋषि सुनक पूरे चुनावी अभियान में महंगाई के मुद्दे पर ज्यादा जोर देते हुए देखे गए। मगर यह काम न आया। कंजर्वेटिव पार्टी के लगभग 1,60,000 सदस्यों का वोट हासिल करने के लिए सुनक और ट्रस का कई बार सामना हुआ। लेकिन सर्वे के परिणामों से पता चल रहा है कि ऋषि सुनक पार्टी सदस्यों का वोट हासिल करने में कामयाब नहीं हो सके हैं।

# संघ द्वारा भारतीय समाज को साथ लेकर पर्यावरण में सुधार के किए जा रहे हैं प्रयास

प्रहलाद सबनानी

बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में इजाफे और भूमि प्रयोग में बदलाव की वजह से भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के शहरों में अर्बन हीट आइलैंड बढ़ रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है। कई स्थानों पर अधिक ज्यादा गर्मी होने के पीछे अपर्याप्त हरियाली, ज्यादा आबादी, घने बसे घर और इंसानी गतिविधियां जैसे गाडियों और गैजेट से निकलने वाली हीट हो सकती है। कार्बन डाईआक्साइड और मेथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसें और कूड़ा जलाने से भी गर्मी बढ़ती है। राजधानी दिल्ली का उदाहरण हमारे सामने है। जहां चारों दिशाओं में बने डंपिंग यार्डों में आग लगी ही रहती है और लोगों का सांस लेना भी दूभर हो रहा है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि मानव ने अपनी जिंदगी को आसान बनाने के लिए जितना पर्यावरण को नुक्सान पहुंचाया है उसका परिणाम आज उसे ही भुगतना भी पड़ रहा है। कई देशों में तो भयंकर गर्मी में वहां के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिनसे जान और माल की भारी हानि हो रही है। हम पर्यावरण के सम्बंध में बढ़ चढ़ कर चर्चाएं करते हैं परंतु आज हमारे गावों में खेत, प्लाटों में परिवर्तित हो गए हैं। हमारे खेतों पर शोपिंग काम्प्लेक्स एवं मॉल खड़े हो गए हैं जिससे हरियाली लगातार कम होती जा रही है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण का आग्रह करते हुए कहा था कि देश में मिट्टी को कैमिकल मुक्त बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इसी क्रम में, मिट्टी बचाओ आंदोलन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पिछले आठ साल से चल रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए पांच प्रमुख बातों पर फोकस किया था। पहला मिट्टी को कैमिकल मुक्त कैसे बनाया जाए, दूसरा मिट्टी में जो जीव रहते हैं उन्हें कैसे बचाया जाए, तीसरा मिट्टी की नमी को कैसे बचाया जाए और उस तक जल की उपलब्धता कैसे बढ़ाई जाए, चौथा भूजल कम होने की वजह से मिट्टी का जो नुक्सान हो रहा है उसे कैसे बचाया जाए, और पांचवां वनों का दायरा कम होने से मिट्टी का जो क्षरण हो रहा है उसे कैसे रोका जाय। साथ ही आपने यह भी बताया था कि भारत द्वारा पैट्रोल में 10 प्रतिशत इथेनाल मिश्रण के लक्ष्य को तय समय से पांच माह पूर्व ही हासिल कर लिया गया है इससे भारत को न केवल 41 हजार करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और किसानों को 40 हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय भी हुई है बल्कि पेट्रोल एवं डीजल की खपत इस स्तर तक कम हुई है और इससे वातावरण में कार्बन डाईआक्सायड गैसों का फैलाव भी कम हुआ होगा।

भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन रहित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया हुआ है। यद्यपि पर्यावरण रक्षा में भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं लेकिन यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक देशवासी प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक अत्यधिक दोहन बंद नहीं करते। शहरों के बढ़ते तापमान की रोकथाम हेतु जरूरी है कि मौसम और वायु प्रवाह का ठीक तरह से नियोजन किया जाए। हरियाली का विस्तार, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचय, वाहनों एवं एयर कंडीशंस की संख्या की कमी से ही हम प्रचंड गर्मी को कम कर सकते हैं। पृथ्वी का तापमान घटेगा तभी मानव सुरक्षित रह पाएगा।

उक्त संदर्भ में यह हम सभी भारतीयों के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए कि हमारे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन मौजूद हैं जो सदैव ही सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर, देश पर आने वाली किसी भी विपत्ति में आगे आकर, कार्य करना प्रारम्भ कर देते हैं। भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा



एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है। जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर संघ द्वारा देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। उदाहरण के तौर पर ग्वालियर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का बीड़ा उठाया गया है जिसके अंतर्गत संघ के स्वयंसेवकों द्वारा नगर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, एवं नगर के विभिन्न चौराहों पर नागरिकों को शपथ दिलाई जा रही है कि ÷मैं ग्वालियर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु, आज से प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करूंगा÷। अभी तक लगभग 50,000 से अधिक नागरिकों को यह शपथ दिलाई जा चुकी है। 20 स्कूल, 12 महाविद्यालय (एलएनआईपीई सहित) एवं 5 मंदिर पोलिथिन मुक्त हो चुके हैं। नागरिकों को कपड़े से बने थैले भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बाजारों से सामान खरीदते समय इन कपड़े के थैलों का इस्तेमाल किया जाय और प्लास्टिक के उपयोग को तिलांजलि दी जा सके। अभी तक नगर में 5,000 से अधिक थैले नागरिकों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के उद्देश्य से गणेशोत्सव के पावन पर्व पर नगर में विभिन्न गणेश पांडालों में बच्चों द्वारा नाटक भी खेले जाएंगे। साथ ही, संघ ने अपने स्वयंसेवकों को आग्रह किया है कि संघ द्वारा आयोजित किए जाने वाले किसी भी कार्यक्रम में प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। और, अब संघ के कार्यक्रमों में इस बात का ध्यान रखा जाने लगा है कि प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाय। इसी प्रकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ग्वालियर विभाग ने ग्वालियर महानगर में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की मुहिम प्रारम्भ की है। जिसके अंतर्गत ग्वालियर के कुछ विद्यालयों में वहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को साथ लेकर स्वयंसेवकों द्वारा भारी मात्रा में पौधारोपण किया गया है। ग्वालियर की पहाड़ियों पर भी इस मानसून के मौसम के दौरान हजारों की संख्या में नए पौधे रोपे गए हैं। अभी तक नगर में 9,000 से अधिक नए पौधे रोपे जा चुके हैं। गजराराजा स्कूल, केआरजी महाविद्यालय एवं गुप्तेश्वर मंदिर की पहाड़ियों को तो हरा भरा बना दिया गया है। जब पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन आगे आकर समाज के अन्य संगठनों को साथ लेकर देश के पर्यावरण में सुधार लाने हेतु कार्य प्रारम्भ करेंगे तो भारत के पर्यावरण में निश्चित ही सुधार दृष्टिगोचर होने लगेगा।

अमेरिका के नासा (ह्रू) की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार 20 साल पहले की तुलना में, वैश्विक हरियाली में काफी सुधार नजर आया है, जिसमें चीन और भारत ने सबसे अधिक योगदान दिया है। नासा के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 से 2017 तक वैश्विक हरित क्षेत्र में 5त्न की वृद्धि हुई है, जो एक अमेजन वर्षावन के क्षेत्र के बराबर है। चीन और भारत ने इसमें प्रमुख योगदान दिया है। नासा के पृथ्वी उपग्रह के डेटा के अनुसार चीन और भारत में वनीकरण और कृषि गतिविधियों ने पृथ्वी की हरित प्रक्रिया का नेतृत्व किया है। उपग्रह तस्वीरों में चीन और भारत के हरित क्षेत्र बहुत स्पष्ट दिखते हैं। साथ ही, शोधकर्ताओं का यह भी कहना है कि चीन और भारत में वैश्विक भूमि का केवल 9त्न हिस्सा है, लेकिन वैश्विक हरित क्षेत्र के विकास में इनका योगदान एक तिहाई के बराबर है।

## मदरसों पर चलते बुल्डोजर

मदरसों को मुस्लिम बच्चों की शिक्षा का केन्द्र माना जाता है। देश के कई राज्यों में ये मदरसे सरकारी अनुदान से चलते हैं। अनेकों बार ये मदरसे कई राज्यों में जाँच के दायरे में आ चुके हैं। यूपी में भाजपा की सरकार इन मदरसों को लेकर ज्यादा आक्रामक है। सरकार कई मदरसों को बंद भी करवा चुकी है। लेकिन ताजा मामला देश के सीमावर्ती असम राज्य का है। यहां की भाजपा सरकार मदरसों को लेकर कुछ ज्यादा ही सख्त हो गयी है। असम में तो सीधे-सीधे मदरसों की बिल्डिंगों को ही गिराने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। मदरसों को गिराया जाना निश्चित ही बड़ी कड़ी कार्यवाही माना जाना चाहिये। मदरसों को गिराया जाना गंभीर मामला है। असम में मदरसे देश की सुरक्षा के लिये खतरा बन गये हैं। इन मदरसों को आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होना पाया गया है। इसलिये असम सरकार ने मदरसों को नेस्तानाबूत करना ही बेहतर समझा है। असम के बोंगाईगांव जिले में संचालित मरकुजुल मारिफ क्वारियाना मदरसा को बुल्डोजरों से ढहा दिया गया। असम सरकार द्वारा गिराये जाने वाला यह तीसरा मदरसा है। इस मदरसे को गिराने के पहले रात में ही 224 मदरसे के विद्यार्थियों को तथा मौलवियों और सहायक कर्मचारियों को दो मंजिला भवन से बाहर निकाला गया। इस मदरसे को इसलिये गिराया गया क्योंकि सरकार को पता चला कि कुछ आतंकी धार्मिक शिक्षकों के वेश में असम में घुस आये हैं। अलकायदा इन इण्डियन सब कांटिनेंट और अंसारूल्लाह बांग्लाटीम से जुड़े होने के आरोप में एक इमाम और मदरसे के मौलवियों सहित 37 लोगों की गिरफ्तारी के बाद तीसरा मदरसा असम सरकार ने गिराया है। इसके पहले असम के बारमेटा जिले में ऐसे मदरसे को गिराया जो सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध रूप से बनाया गया।

## कर्म अनिश्चित है, लेकिन फल निश्चित है

नरेन्द्र भारती

कर्म अनिश्चित है, लेकिन फल निश्चित है।मानव को सब पता है मगर निवार्ध व बेखौफ होकर बुरे कर्म कर रहा है।आखिर कब तक करेगा एक दिन ऐसा आएगा कि दो गज जमीन भी नसीब नहीं होगी।आज बुरे कर्मो के कारण अंधा हो चुका है और अंधाधुंध नीच कर्मो को अंजाम दे रहा है।मानव आज दानव बन चुका है।कर्म कभी नहीं छुपते सौ पर्द भी कुछ नहीं कर सकते।कर्मो का पिटारा खुल जाता है।सजा भी मिल रही है मगर अक्ल ठिकाने नहीं आ रही है।आज मानव खुश हो रहा है कि बुरे कर्मो के कारण वह सब कुछ हासिल कर रहा है मगर उसे इस बात का इलम नहीं हो रहा है कि पल भर में सब धराशायी भी हो जाता है।आधुनिक समाज का मानव आज दानवों से भी घिनौने कर्म कर रहा है।ऐसे कर्म करती बार वह न तो दुनिया से डरता है और न ही भगवान से डरता है।एक दूसरे को नीचा दिखा रहे है।साक्षात उदाहरण है कि बुरे कर्मो की सजा मिलती है।औलादे नालायक है।नशा कर रही है। बीमारी से ग्रस्त हो रही है।असमय औलादें मौत के आगोश में समा रही है।यह सब कर्मो का ही नतीजा तो है।अवैध तरीकों से धन कमाया जा रहा है।मजबूर लोगों का खून चूसा जा रहा है।आलीशान महल बनाए जा रहे है। कर्मो का फल जरुर मिलता है। पापी लोगों को साक्षात सजा मिलती है।कर्म कभी नहीं छोड़ते यह अटल सत्य है। नीच कर्मों की सजा जरुर मिलती है।यह अमर सत्य है। कर्मो को सुधारना चाहिए मगर माया के जाल में फितरती व गिरगिट इंसान अंन्धा हो चुका है।समय किसी को नहीं छोड़ता मानव आज मानव से नफरत कर रहा है।दूसरों का बुरा कर रहा है उनके जीवन में अन्धकार कर रहा है।समय बलवान है।समाज के लिए ऐसे कर्म करो कि समाज में एक मिसाल कायम हो जाए।नफरत को खत्म करना होगा।हर इंसान से एक जैसा व्यवहार करना चाहिए किसी के साथ भेदभाव मत करो।वक्त के आगे कोई नहीं टिक सका है सभी को नतमस्तक होना पड़ता है।समय से डरो अच्छे कर्म करो। ईश्वर पल-पल का हिसाब लेता है।इंसान नीच कर्मो की दलदल में धंसता जा



रहा है।आज लोग नीच कर्म को ही सब कुछ मान बैठे है।कब तक नीच कर्म करोगें एक दिन पाप का अंत होगा।नीच कर्म मत करो, भगवान से डरो।हैवानियत को छोड़ दो इंन्सानियत को अपना लो।सदा किसी की नहीं चलती।राजा व महाराजा मिटटी मे मिल गए। किसी को दुख मत पहुंचाओ। ।आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए।किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए।क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है।ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है।गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए अगर गरीब की बददुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए।मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इन्सान के रुप में हमेशा याद किया जा सके।पाप की पापलीला ज्यादा देर नहीं चलती।मेहनत व खून पसीना बहाकर कमाई गई रोटी में मिठास होती है।आदमी को वक्त से डरना चाहिए क्योंकि वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक लड़े में जिन्दगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है।जब इन्सान जिन्दा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होने जब जिन्दा था तो बात तक नहीं की होंगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैंकड़ों चादरें डाली जाती है।जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्व देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है।कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी।आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिये समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने मे व्यस्त रहता है।भगवान के घर देर जरुर है मगर अन्धेर नहीं है। मानव आज दानवों की श्रेणी में आता जा रहा है।मंदिरों में कुकृत्य कर रहा है ऐसे कर्मो से वसुंधरा कांप रही है।

# भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस हो सकती मजबूत!

### सूडोकु नवताल- 6187

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6186 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

डॉ. भरत मिश्र प्राची

देश में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है , वैसे - वैसे देश की राजनीतिक गतिविधयां सक्रिय होती नजर आ रही है। सत्ता पक्ष फिर से केन्द्र की सत्ता पर अपना कब्जा बनाये रखने की दिशा में जहां विपक्ष को कमजोर करनेकी राजनीतिक चाल चल रहा है वहीं विपक्ष लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष को बेदखल करने की दिशा में एक होने की दिशा में सक्रिय हो चला है। इस दिशा में भाजपा से अपना राजनीतिक संबंध तोड़े बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार देशभर में विपक्ष को एक मंच पर लाने के प्रयास में यात्रा पर निकल चुके है। दिन पर दिन कमजोर एवं टूटती जा रही कांग्रेस अपने को मजबूत बनाने की दिशा में भारत जोड़ों यात्रा मिशन पर निकल पड़ी है। उसे विश्वास है कि इस यात्रा से पार्टी को मजबूत करने एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष से टकराने की ताकत मिलेगी।

भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस देश के कोने -कोने में जा कर के बेहतर ढंग से जनसंपर्क कर देश की ज्वलंत समस्याओं एवं उसे दूर करने की काग्रेस की भावी रणनीति से आमजन को अवगत करा सकेगी। आज ऐसे समय में जहां लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस से कई पुराने दिग्गज नेता अपना संबंध तोड़ कर अलग होते जा रहे है, इस यात्रा से



कांग्रेस की एकता को बल मिलेगा।

एक समय ऐसा था कि कांग्रेस देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हुआ करती तब विपक्ष नहीं के बराबर था। आज की सर्वोपरि राजनीतिक पार्टी केन्द्र की सत्ता पर विराजमान भाजपा पूर्व में जनसंघ नाम से संचालित थी। जो आपातकाल के बाद कांग्रेस के विरूद्ध में बनी विपक्षी एकता जनता पार्टी में विलय हो गई एवं जनता पार्टी टूटने के उपरान्त भाजपा नाम से अवतरित हुई जिसे लोकसभा चुनाव में कभी मात्र 2 सीट ही देशभर में मिल पाई थी। आज वहीं भाजपा अपने बल पर केन्द्र की सत्ता पर दो दशक से विराजमान होने जा रही है। साथ ही देश के कई राज्यों में अपना राज्य स्थापित करने में सफल होती नजर आ रही है। ऐसे बदलते परिवेश में कांग्रेस के बदलते इतिहास की ओर एक नजर डाले जहां गांधी परिवार के प्रभुत्व की छाया मड़रा रही है, जिसके चलते इस पार्टी पर परिवारवाद का आरोप भी लग रहा है। यह सच्चाई भी है कि कांग्रेस पर गांधी परिवार का सर्वाधिक एकाधिकार शासन रहा और आज भी विराजमान है पर कांग्रेस के साथ एक और सच्चाई है कि जब - जब काग्रेस गांधी परिवार से अलग हुई, बिखरती गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कांग्रेस टूटने के आरोप लगते रहे है पर कांग्रेस के टूटने एवं कमजोर होने के पीछे देश की बदलती राजनीति है , जो कभी कांग्रेस के पराम्परागत वोट बैंक हुआ करते वे कांग्रेस से अलग होकर दलगत राजनति में समा गये है। आज देश भर में फैली क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के वोट बैंक कभी कांग्रेस के पास हुआ करते। ऐसी स्थिति में कांग्रेस को कमजोर तो होना ही था। फिर भी कांग्रेस एक ऐसे गांधी परिवार नेतृत्व के तले केन्द्र की सत्ता पर एक दशक आसीन रही जिसपर विदेशी होने के आरोप भी विपक्ष की ओर से खुब लगे तब यहीं भाजपा वाम दलों को छोड़ देश के अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर कांग्रेस का विरोध करती रही। आज कांग्रेस विपक्षी दलों के साथ मिलकर भाजपा का विरोध कर रही है। इस बदलती राजनीतिक ध्रुवीकरण पर विराजमान है केन्द्र की सत्ता जहां कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एक बार फिर से पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## भारत-बांग्ला प्रेमालाप

डॉ वेदप्रताप वैदिक

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्तमान भारत-यात्रा का महत्व क्या हमारे पड़ौसी देश समझ पा रहे हैं? पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव में जैसी अफरा-तफरी आजकल मची हुई है, ऐसी पिछले 75 साल में कभी नहीं मची। ये सभी भारत के पड़ौसी देश चीन के चक्रव्यूह में फंसकर गदगद थे। किसी देश में चीन बंदरगाह बना रहा है, किसी में हवाई अड्डे बना रहा है, किसी में सड़कें, रेलें और पुल बन रहे हैं और कहीं चीन लंबी अवधि के लिए द्वीप के द्वीप लीज पर लेकर सैनिक अड्डे खड़े कर रहा है लेकिन कुछ ही वर्षों में हमारे इन पड़ौसी देशों को पता चल गया है कि वे चीनी कर्जे के बोझ के नीचे दबते चले जा रहे हैं और ठोस उपलब्धि के नाम पर शून्य नजर आ रहा है। यों तो बांग्लोदश की स्थिति अन्य पड़ौसियों के मुकाबले बेहतर है और शेख हसीना के शासन-काल में उसकी सर्वविध उन्नति भी काफी हुई है लेकिन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी डगमगाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे झोली फैलाने की नौबत अब बांग्लादेश पर भी आन पड़ी है। हसीना सरकार के विरोधी उस पर जमकर हमला बोल रहे हैं। प्रदर्शनों, जुलूसों और हड़तालों का दौरदौरा शुरु हो गया है। ऐसे विकट समय में प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत-यात्रा का महत्व अपने आप असाधारण बन जाता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के प्रति प्रारंभ से ही अत्यंत स्नेहपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने प्राकृतिक संकट का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश की जो मदद प्रधानमंत्री बनते से ही की थी, उसे बांग्ला जनता अभी तक याद करती है। शेख हसीना की इस भारत-यात्रा के दौरान कुशियारा नदी के बारे में जो समझौता हुआ है, उससे दोनों देशों को लाभ होगा! तीस्ता नदी के बारे में भी रचनात्मक संकेत दोनों तरफ से मिले हैं। बांग्लादेश और भारत के बीच छोटी-मोटी 54 नदियां हैं। दोनों देशों के बीच 4000 किमी की सीमा है। बांग्लादेश आजकल ब्रिटेन की तरह भयंकर ऊर्जा-संकट से गुजर रहा है। दो बिलियन डॉलर की लागत से खुलना में बननेवाले बिजलीघर का दोनों नेताओं ने उदघाटन भी किया। इसमें भारत 1.6 बिलियन डॉलर लगाएगा। इसके अलावा बांग्लादेश की रेल्वे और सड़कों के निर्माण में भी भारत जमकर मदद करेगा। भारत लगभग 500 मिलियन डॉलर की मदद प्रतिरक्षा उपकरणों के लिए भी दे रहा है। बांग्लादेश को भारत तरह-तरह की फौजी सामान देने में भी सक्रिय सहयोग कर रहा है। इस समय भारत का पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा व्यापार बांग्लादेश के साथ है। पिछले साल आपसी व्यापार सिर्फ 10.78 बिलियल डॉलर का था।

# कलेक्टर के खिलाफ पत्रकारों के धरने को मिल रहा अपार जनसमर्थन




### एडवोकेट हरिराम ने कहा कि वकील भी आ सकते हैं समर्थन में

**मुरैना।** कलेक्टर बी कार्तिकेयन को मुरैना से हटाने की मांग को लेकर शहीद संग्रहालय के बाहर 7 दिन से पत्रकारों का धरना प्रदर्शन जारी है और अब इस धरने को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। गुरुवार को एडवोकेट हरीराम कंसाना ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि आप के समर्थन को वकील भी समर्थन दे रहे हैं और वह कभी भी धरने पर आ सकते हैं। इस आंदोलन को एक माह से अधिक समय हो गया है, बावजूद इसके सरकार की नींद नहीं टूट रही है। हालांकि सरकार यह कह कर बच भी नहीं सकती कि मामला संज्ञान में नहीं है, क्योंकि मुरैना जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को प्रत्यक्ष रूप से अपना ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर की हठधर्मिता, अकर्मण्यता और जनता के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया से अवगत करा दिया था। यही नहीं इस संबंध में समस्त जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया था, इन जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने माध्यम से मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रीद्वय नरेंद्र सिंह तोमर एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया को अवगत कराकर जिले में असक्षम जिलाधीश के पदस्थ होने के कारण जनता को ना तो सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है और ना ही मजदूर किसान और पीड़ित को भ्रष्टाचारियों के चंगुल से मुक्ति मिल रही है। पीड़ित कलेक्टर के यहां फरियाद लेकर जाता है तो कलेक्टर उससे मिलना भी जरूरी नहीं समझते, बल्कि सफेदपोशों को महत्व देकर अपनी नौकरी पकाने में मशगूल रहते हैं। इन्हीं हालातों से जिले की जनता को मुक्त कराने एवं उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए पत्रकारों ने कलेक्टर को मुरैना जिले से हटाने की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है और यह तब तक जारी रहेगा, जब तक बी कार्तिकेयन कलेक्टर मुरैना को यहां से हटाया नहीं जाता। मुरैना जिले में पत्रकारों के आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से चलाने के साथ-साथ पत्रकारों के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए जो आंदोलन पिछले 35 दिन से जारी है, उसे अपार जनसमर्थन भी मिल रहा है। गुरुवार को पत्रकारों के धरने में एडवोकेट हरिराम कंसाना ने शामिल होकर समर्थन दिया और कहा कि आप लोगों की लड़ाई में वकीलों का भी समर्थन है। उन्होंने कहा कि मुरैना कलेक्टर असंवेदनशील एवं संवादहीन है, ऐसे कलेक्टर को किसी भी जिले में पदस्थ नहीं किया जाना चाहिए जो जनता एवं चौथे स्तंभ से संवाद ना करें।

## कर्मचारी कांग्रेस ने लक्ष्मी दीक्षित को महिला व विनोद को किया जिलाध्यक्ष मनोनीत

**मुरैना।** मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संघ ने महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दीक्षित और विनोद कुमार को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संघ के कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह परिहार के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य अधिकारी की एएनएम, जीएनएम और संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों पर हो रहे अन्याय और अत्याचार को देखते हुए मुरैना जिले की कमान श्रीमती लक्ष्मी दीक्षित को सौंपी गई है। गौरतलब है कि कई स्वास्थ्य कर्मी अधिकारियों की प्रताड़ना से पीड़ित हैं, स्वास्थ्य कर्मियों की



समस्या के निराकरण के लिए श्रीमती लक्ष्मी दीक्षित को जिला अध्यक्ष बनाया गया है, इसके साथ ही विनोद कुमार उपाध्याय वनरक्षक वन परिक्षेत्र जौरा वन मंडल मुरैना को जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन ने जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद तहसील व ब्लॉक एवं विभागीय समितियों की कार्यकारिणी का गठन कर प्रांतीय निकाय को अवगत कराएं। सभी जिला अध्यक्षों का उनके साथियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल दीक्षित, सुनील कुमार सचिव, महेश धाकड़ जिला सचिव, वन विभाग डिप्टी रेंजर नरेश कुमार शर्मा ,करतार सिंह भदोरिया, डिप्टी रेंजर वनरक्षक देवकीनंदन शर्मा ,रमेश शर्मा,सरनाम सिंह, सोनू सिकरवार ,दिलीप सिंह गुर्जर, रवि पाराशर, पंकज शर्मा ,ओमप्रकाश, सुरेश, केदार सिकरवार, सुनील,हाकिम, सुरेश सहित कई लोग उपस्थित थे।



## स्कूली छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार व अति पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में गुरूवार को शास.बालक उच्च.माध्य.विद्या. क्र-2 में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात सूबेदार रोहित यादव ने स्कूली छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठायें, वाहन की नम्बर प्लेंट सही तरीके से लिखवायें, लायसेंस बनवाकर ही वाहन चलायें। इस दौरान उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाकर चलनें की अपील की, साथ ही छात्रों को ब्रेथ एनलाइजर, ई-चालान पीओएस मशीन, स्पीड रडार गन, साउण्ड मीटर के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## ट्रेक्टर व ट्रॉली को न्यायालय में पेश न करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** माननीय न्यायलय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना द्वारा आरोपी रमेश चन्द्र गौड पिता चतुरे गौड, उम्र 66 वर्ष, निवासी गुजरना थाना चिन्नौनी जिला मुरैना म.प्र. को सुपुर्दगी पर दिये गये ट्रेक्टर व ट्रोली को न्यायालय में पेश न करने पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के मामले में भादवि की धारा 406 में 01 साल का कठोर कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं भादवि की धारा 188 में 01 माह का सादा कारावास एवं 200 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि माननीय अपर जिला न्यायाधीश जौरा के माध्यम से सुपुर्दगीदार रमेश चन्द्र पुत्र चतुरे गौड निवासी ग्राम गुजरना के विरूद्ध 406 भा.द.सं. का प्रकरण कायम किये जाने हेतु थाने पर प्राप्त हुआ। उक्त सुपुर्दगीदार उक्त संबंधित ट्रेक्टर-ट्रॉली न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिये जाने के बावजूद उसके द्वारा ट्रेक्टर-ट्रॉली न्यायालय में पेश नहीं की गई है।

# जन शिक्षण संस्थान ने आयोजित किया विषय विशेषज्ञों का डिमोस्ट्रेशन कार्यक्रम

**भिण्ड।** अर्न्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में डिमोन्सट्रेशन कार्यक्रम द्वारा विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा सम्बंधित विषय की गहन जानकारी व उपयोगी सुझाव दिये गये।

जन शिक्षण संस्थान द्वारा निदेशक संजय राजौरिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कम्प्यूटर विषय विशेषज्ञ राजेश शर्मा, ब्यूटीकल्चर एण्ड बेलनेस विशेषज्ञ श्रीमती दीक्षा सोनी एंव ड्रेस मेकर विशेषज्ञ श्रीमती रामजानकी द्वारा अपने-अपने विषय के बारे में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियो को जानकारी दी गयी व संबंधित विषय में प्रशिक्षण प्राप्त कर उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा संचालित किये जा रहे विभिन्न कोर्षो की जानकारी दी गयी व सभी उपस्थित सदस्यों से कहा कि अन्य कोई भी जो आपके आस-पास रहता हो ओर किसी कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है तो संस्थान में



सम्पर्क कर सकता है। जन शिक्षण संस्थान के माध्यम से इग्नू पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर आगे शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। संस्थान परिसर में एम0एस0डी0ई0 व इग्नू केन्द्र का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न कोर्षो में प्रवेश लेकर शिक्षा प्राप्त कर सकते है। कम्प्यूटर विषय विशेषज्ञ राजेश शर्मा द्वारा विभिन्न कोर्ष जो कम्प्यूटर आधारित है की जानकारी दी गयी, साथ ही उपस्थित लाभार्थियो को ई-मेल, टैली, एम0एस0ऑफिस0 पेजमेकर, पॉवरपॉइन्ट, व बर्डप्रोसेसिंग, एक्सेल की उपयोगिता कम्प्यूटर डिमोस्ट्रेशन द्वारा बतायी गयी। ब्यूटीकल्चर विशेषज्ञ व ड्रेसमेकर द्वारा भी कई उपयोगी सुझाव दिये गये। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के लिपिक अजय सिंह द्वारा सभी उपस्थित लोगो का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया, विषय विशेषज्ञ राजेश शर्मा, श्रीमती दीक्षा सोनी, श्रीमती रामजानकी, संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे व मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, लेखपाल अमित शर्मा, लिपिक अजय सिहं कुशवाह, कम्पयूटर ऑपरेटर जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, प्रशिक्षिका मधु, एवं सविता श्रीवास, आदि उपस्थित रहे।

## पत्थर का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**मुरैना।** पुलिस थाना सिहोनियाँ द्वारा खनन माफिया के बिरुद्ध कार्यवाही में एक स्वराज टेक्टर - ट्राली में चोरी से खण्डों का परिवहन कर रहे चालक के बिरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर 7 लाख रुपए कीमत का ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त किया है। जिले मे खनन माफिया के बिरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुरेन्द्र तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिहोनियां को माफिया के बिरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा थाना प्रभारी पवन भदौरिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर



मुखबिर की सूचना पर सिहोनियां तिराहा पर टीम के साथ दबिश देकर एक नीले रंग की विना डाले की ट्राली भरी हुई चोरी के अवैध खण्डों की जप्त कर चालक के विरुद्ध अवैध उत्खनन कर परिवहन करने पर धारा 379 ता.हि. म.प्र. खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 21 म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन व भण्डार का निवारण) की धारा 18 (1 तहत अपराध पंजीबद्ध कर 7 लाख रुपये कीमत की ट्रैक्टर ट्रॉली को ज़ब्त किया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उप निरी पवन सिंह भदौरिया, आर. राहुल सिह सिकरवार, शैलेन्द्र सिकरवार, राम सिंह, जितेन्द्र शर्मा, उपेन्द्र, राहुल सिंह, सुनील सिंह चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

# अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर 37 वें दिन भी भूख हड़ताल जारी

### मामला ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य में अस्पताल के सामने परंपरागत मार्ग को बहाल रखने का

**कैलारस।** नगरीय क्षेत्र में शासकीय अस्पताल के परंपरागत आवागमन के मार्ग को ब्रॉड गेज लाइन निर्माण कार्य मैं बहाल रखने के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल से तीसरे दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में हलुके राम जाटव, कन्हैया लाल, रामदयाल जाटव, राम लखन जगा, नरेश जाटव आदि प्रमुख रहे। इसका समर्थन करने के लिए माल्यार्पण करने और एकजुटता प्रकट करने गफ्फार खान, असलम खान, अमर सिंह, आमिर खान, सलमा बानो, रिहान खान, मिथुन जाटव, गौरव शाह, नरहरी शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आन्दोलनकारियों द्वारा परंपरागत मार्ग के लिए हजारों आबादी के आवागमन को अस्पताल, शमशान, कब्रिस्तान हेतु जारी रखने के लिए ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य में कृष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग है। जिसके क्रम में लगातार आंदोलन, धरना प्रदर्शन, सत्याग्रह, तिरंगा रैली, सभा आदि आयोजित की गई व आगे भी सत्याग्रह की तैयारी है। आंदोलनकारियों ने कहा है कि हमने केंद्रीय मंत्री गणों, अफसरों को लगातार ज्ञापन दिए हैं। लेकिन रेल




मंत्रालय की ओर से स्वीकृति की दिशा में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यह आंदोलन अस्पताल के लिए अंडर ब्रिज बनाने की स्वीकृति तक लगातार जारी रहेगा।

## मामला दर्ज करने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, महिला को मिल रही धमकी

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम छोंदा में रहने वाली एक गरीब घुमंतू जाति की महिला अपने ससुरालियों से पीड़ित है और डेढ़ माह पूर्व सिविल लाइन थाने में एफ आई आर दर्ज करवा चुकी है, लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आरोपी गण उसे आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।



पीड़ित महिला ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी महिला काजू निवासी छोंदा ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व आरोपी सास रानी, मामा ससुर भोला, नाना ससुर अजमेर, छोटा मामा पंजाब, मामी सास रूबी आदि द्वारा उसकी मारपीट कर दी गई, जिसका मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज कराया गया था। एफ आई आर के बाद पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

# दुर्घटना हत्या के मामले के आरोपी को बचाने में लगी पुलिस, सरपंच बना रहा दबाव

**मुरैना।** नूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धनेला मैं 6 सितंबर को आयशर ट्रैक्टर से आरोपी द्वारा अहमद अली को कुचल दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। नूराबाद थाने में दुर्घटना हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ और नामजद आरोपी भी लिखाया गया, बावजूद इसके सरपंच के दबाव में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही ह। पीडित परिवार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के




अनुसार 6 सितंबर को ग्राम धनेला सरपंच मुन्ना के आईसर ट्रेक्टर को पप्पू पुत्र नत्थी सिंह गुर्जर द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाया गया और अहमद अली पुत्र जमील खान को कुचल दिया, जिससे उसकी सर से पहिया निकलने के कारण मौत हो गई। पुलिस बड़ी मुश्किल से घटनास्थल पर पहुंची और भतीजे की लाश को नूराबाद अस्पताल ले गई। मृतक के परिजनों द्वारा नूराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर से पुलिस ने दुर्घटना हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस द्वारा सरपंच मुन्ना के दबाव के चलते अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है एवं सरपंच द्वारा प्रार्थी व उसके परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। पीडित परिवार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# प्रतियोगिता में धार्मिक पात्रों का स्वरूप धारण कर आए बच्चे

### पल्लिवाल महिला मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

**मुरैना।** पल्लिवाल महिला मंडल के द्वारा दसलक्षण पर्व के उपलक्ष्य में उत्तम त्याग धर्म की आराधना की गई, इसके साथ ही बच्चों के लिये फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पल्लिवाल महिला मंडल की सांस्कृतिक मंत्री सरिता जैन ने बताया कि कल दशलक्षण धर्म के तहत उत्तम त्याग धर्म का दिन था। इस अवसर पर दैनिक पूजन कार्यक्रम के उपरांत श्री चन्द्रप्रभु मंदिर लोहिया बाजार में फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दो ग्रुप बनाये गये। प्रथम ग्रुप में 3 से 5 साल के उम्र वाले नन्हें मुन्हे बालक बालिका थे, जिन्होंने बहुत ही सुंदर तरीके से अपना परफॉरमेंस दिया, द्वितीय ग्रुप में में 6 साल से 11 साल के बच्चों ने अपना शानदार



प्रदर्शन किया। पल्लिवाल महिला मंडल की अध्यक्ष करुणा जैन ने कहा कि बच्चे धर्म पर आगे बढ़े और धर्म मार्ग में लगें। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों को धार्मिक शिक्षा मिलती है। यही वजह है कि आज बच्चे फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता में धार्मिक पात्र बन कर आये हैं। बच्चों ने चंदनावाला, ग्वाला जिसने भगवान महावीर को टीले में से निकाला, अष्टकुमारी, निलांजन, पंडित टोडरमल, कुबरे इन्द्र, नेमिनाथ, राजूल, आदि का रूप धारण किया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सम्यक जैन, समृदी जैन, द्वितीय पुरस्कार आस्था जैन, तनिष्क जैन, तृतीय पुरस्कार दर्श जैन, पावनी जैन, वाकी 20 बच्चों को सान्त्वना पुरस्कार दिए गये। सांस्कृतिक मंत्री सरिता जैन, कल्पना जैन, अध्यक्ष करुणा जैन, सचिव शशि जैन ने कहा कि आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे, जिससे बच्चों को धार्मिक ज्ञान मिलता रहे। प्रतियोगिता का निर्णय जूरी शालनी जैन और डॉ.दीप्ती जैन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का मंच संचालन पल्लिवाल महिला मंडल की सचिव शशि जैन ने किया। दीप प्रज्जवलन जूरी शालनी जैन, डॉ. दीप्ती जैन के द्वारा किया गया। मंगलाचरण कल्पना जैन के साथ सभी महिलाओं ने मिलकर किया। कार्यक्रम में पल्लिवाल महिला मंडल की अध्यक्ष करुणा जैन, सचिव शशि जैन, सांस्कृतिक मंत्री सरिता जैन, कल्पना जैन, सुनीता जैन, सीमा , पारुल, कुमकुम, सपना, सीमा, संगीता, माया, अनीता, राजीव, उर्मिला, श्वेता, शशिवाला, जैन मिलन से भावना जैन, जूली जैन सहित समाज की सभी महिलाएं माता बहनों एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

# दबोह अमाहा तक निकाली गई कॉंग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा

## कॉंग्रेसी बोले देश मंहगाई और बेरोजगारी से गुजर रहा है





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** देश में बढ़ती बेरोज़गारी,महंगाई को लेकर राहुल गांधी के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है।जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा का प्रभारी नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह को बनाया गया इसी क्रम में नगर दबोह में भी बुधवार व गुरुबार को नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह के निर्देशन में कांग्रेस पार्टी के द्वारा भारत जोड़ो पद यात्रा निकाली गई।यह यात्रा पहले दिन बुधवार को कॉंग्रेस कार्यालय से लेकर दबोह के झंडा चौक तक एवं दूसरे कॉंग्रेस कार्यालय से अमाहा गांव तक निकाली गयी।यह दोनों यात्रा क्रमशः झण्डा चौक एवं अमाहा गांव में एक आमसभा में परिवर्तित हो गई।जहां कॉंग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है।इस मौके पर प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू बकील,नगर परिषद अध्यक्ष बिमला नरेंद्र दुधारिया एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ने कहा कि देश में चारो तरफ मंहगाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ मोदी सरकार में दिन व दिन महंगाई बढ़ती ही जा रही है।इस शासनकाल में सिर्फ और सिर्फ उधोगपतियो को लाभ दिया जा रहा है गरीबो और बेरोजगार लोगो के लिए भाजपा सरकार कही कोई कदम नही उठा पा रही है।जिससे देश में संकट छाया हुआ है।देश की हालत आपको दिख रही है देश में क्या हो रहा है क्या नहीं हो रहा है।आपसे नहीं छिपाया जा सकता है जब से भाजपा की सरकार आई है तब से देश में नफरत और क्रोध बढ़ता जा रहा है।इसी साथ आज देश डर भी बढ़ता जा रहा है भाजपा और आरएसएस के नेता देश को बांटने का काम कर रहे है इसलिए हमारे नेता राहुल गांधी जी तीन हजार पांच सौ किलो मीटर की भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे है।जिसके समर्थन में हमारे द्वारा दबोह में भी दो दिवसीय पद यात्रा निकाली गयी है वही सभा मे मौजूद भिंड जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ ओ.पी सिंह कौरव और राजाभैया पाल ने कहा कि जो गैस सिलेंडर लेकर कॉंग्रेस सरकार के समय पर 400 रुपए का था बो आज 1050 का हो चुका है सभी खाद पदार्थो पर मोदी ने गब्बर सिंह टैक्स लगा दिया है इसी क्रम में पार्टी का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपनारायण खटीक ने किया इस मौके पर लहार जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल कौरव,जगमोहन तेहरिया,आदि लोगो ने सभा को संबोधित किया इस अवसर पर कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र खेमरिया,पार्षद शेरे पठान,पार्षद दुर्गा प्रसाद राठौर ,पार्षद सुधीर तिवारी,पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रफीक खान,पूर्व पार्षद सनाउल्ला खान,युवक कॉंग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शेरसिंह कौरव,युवक कांग्रेस नेता कप्तान सिंह कौरव,पार्षद दिनेश कौरव,पार्षद मेहताब दोहरे,महामंत्री प्रदीप चौधरी, कांग्रेस नेता मुनेश राठौर, फ़रियाद खान,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## धूमधाम से मनाया जाएगा मधुसूदनगढ़ के राजा का उत्सव

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**गुना-** खबर गुना जिले से है मधुसुदनगढ़ से है जहां पर श्री गणेश युवा शक्ति संगठन के मधुसूदन गढ़ परिवार के द्वारा पिछ्ले 13 वर्षों से स्वर्णिम गणेश उत्सव मनाया जा रहा है इस उत्सव में हर बार की तरह इस बार भी प्रतिदिन नए एवं भव्य झांकियों के दृश्यों को प्रस्तुत किया जाता हैं जिससे आने बाली पीढयो को सनातन संस्कृति का ज्ञान रहे आने बाली नई युवा पीढी को ध्यान में रखते हुए अपने परिवार के बच्चों और समाजिक बच्चों के कल्याण के लिए और उनके आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति की पहचान दिलाने के लिए इस स्वर्णिम कार्यक्रम का आयोजन पिछ्ले 13 वर्षों से लगातार किया जा रहा है आज की पीढ़ी में जहां आज के बच्चे मोबाइल में पब्जी और अन्य खेल खेलते रहते हैं उन बच्चों के लिए अपनी संस्कृति की जानकारी पहुंचाने के लिए इन सब दृश्यों का आयोजन किया जा रहा है इस प्रकार की झांकियों का आयोजन करने का सीधा सीधा मतलब आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति के बारे में जागरूक करना है

# परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर राजगुरु स्वामी 11 सितंबर को सेवड़ा में



परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर राजगुरु स्वामी संतोष आनंद सरस्वती महाराज 11 सितंबर को सेवड़ा सनकुआ धाम पर पधार रहे हैं आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर का जन्म दिवस 11 सितंबर को है अपने जन्म दिवस के उपलक्ष में श्यामू ठाकुर ने परम पूज्य गुरुदेव राजगुरु स्वामी जी को आमंत्रित किया है जन्म दिवस के उपलक्ष में वृद्ध जन सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई संत एवं कई महान हस्तियां सम्मानित किए जाएंगे आपको बता दें कि यह कार्यक्रम बड़े बाबा का मंदिर सनत सनातन संकुआ धाम सेवड़ा जिला दतिया में दिनांक 11 सितंबर 2022 दिन रविवार समय प्रात 9ः00 बजे से रखा गया है जिसमें श्यामू ठाकुर जी ने आप सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय की है और अपने जन्म दिवस के उपलक्ष में श्यामू ठाकुर ने ग्वालियर पहुंचकर परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर राजगुरु स्वामी संतोष आनंद सरस्वती महाराज जी को विशेष रूप से आमंत्रित किया है और उन्होंने यह आमंत्रण स्वीकार भी किया है और आने के संबंध में एक वीडियो भी वायरल किया है आपको बता दें कि महाराज जी ने उस वीडियो में सेवड़ा सनकुआ धाम संतो के भानेज सनत सनातन की तपोभूमि पर पधारने का उल्लेख किया है जिस पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी श्यामू ठाकुर ने महामंडलेश्वर राजगुरु स्वामी संतोष आनंद महाराज का आभार जताया।

# पुलिस थाना रामपुरकलां के द्वारा चोरी की गई सरसों के शेष 64 कट्टे व वाहन ट्रेक्टर ट्रोली को बरामद कर मय 03 आरोपी गिरफ्तार




**केशब पंडित जी अम्बाह**

**मुरैना ।** चोरी के मामलों को ट्रेस करने एवं चोरी गई सम्पत्ती को बरामद करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना हाजा के अप क्र. 86/22 धारा 379,457 भादवि में चोरी गई सरसों के 100 कट्टों में से पूर्व में 30 कट्टे बरामद किये गये थे तथा 02 आरोपी गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किये जा चुके हैं तथा आज दिनांक को उक्त चोरी में गये हुए शेष 64 कट्टे सरसों के मय ट्रैक्टर ट्रोली के बरामद किये गये एवं 03 आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। अब तक चोरी गई सरसों के 100 कट्टों में से 94 कट्टे एवं चोरी में उपयोग किया गया वाहन ट्रेक्टर ट्रोली भी बरामद किये जा चुके हैं एवं 5 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर उनि नरेश निरंजन उनि.सचिन कुमार पटेल( सायवर सेल प्रभारी) सउनि रहमान खान, प्रआर श्रीपति राय, प्रआर. ब्रजेशपाल, आर.वीरु जाट, आर.धर्मवीर सिंह, आर मो.अरबाज, आर.प्रदीप रजक,आर.चा.अनिल पावक, सायबर सेल आर. रवि पटेल,आर.अजीत सिंह की सराहनीय भूमिका रही

# सिंजेटा फाउंडेशन इंडिया एवं श्वतस्र फाउंडेशन द्वारा संयुक्त उद्धमी कार्यक्रम हुआ संपन्न

**पुष्पेंद्र तोमर पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना।** सिंजेटा फाउंडेशन इंडिया एवं श्वतस्र फाउंडेशन द्वारा संयुक्त उद्धमी कार्यक्रम द्वारा ग्रामीण स्तर पर कृषि उद्यमी कार्यक्रम चलाया जा रहा जिसमे आज मुरैना जिले के



जौरा और पोरसा ब्लॉक कुछ पंचायतों से किसानों द्वारा 45 दिन का कृषि पर आधरित प्रशिक्षण लिया जिसमे प्रशिक्षण लेने के बाद आज उनको संस्था के प्रोजेक्ट लीड अभिषेक गुप्ता द्वारा सर्टिफिकेट दिये गये जैसा कि आपको बता दे ये कृषि उद्यमी ग्रामीण स्तर पर खेती बाड़ी से जोड़े युवाओं को कैसे एक रोजगार से जोड़ा जा सके इसके लिये कृषि उद्यमी योजना का आयोजन किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे

**अक्षित चतुर्वेदी। मोबाइल नंबर 9340905207 प्रोजेक्ट ऑफिसर**

# शिवपुरी पुलिस द्वारा जिले के नगर रक्षा समिति एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड मे किया गया ।




**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के नेतृत्व मे पुलिस परेड ग्राउण्ड मे नरग रक्षा समिति एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे समस्त थानों के नगर व ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने भाग लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल व्दारा की गई । कार्यक्रम मे विशिष्ट अथिति योग गुरु श्री इंद्रजीत सामदेव जी कोलारस से उपस्थित रहे जिन्होंने जीवन को स्वस्थ्य बनाये रखने के लिये योग की उपयोगिता को समझाते हुये योग संबंधी प्रशिक्षण दिया एवं योग को अपने जीवन मे उतारकर उसके लाभों के बारे मे जानकारी दी । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को अच्छा कार्य करने के लिये प्रमाण पत्र बितरित किये एवं जेकेट, कैप एवं कैन (डंडा) वितरित किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नगर एवं ग्राम मे शांति बनाये रखने के लिये समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहता है, समिति के सदस्य पुलिस एवं लोगों के बीच मध्यस्तता का कार्य करते हैं, एवं अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को जागरुकर करते रहें जिससे पुलिस एवं लोगों के बीच अच्छा बातावरण स्थापित किया जा सके । इस कार्यक्रम मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, विशिष्ट अतिथी योग गुरु श्री इंद्रजीत सामदेव, रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव, थाना प्रभारी कोतवाली, देहात, फिजीकल, यातायात, एवं सूबेदार भानुप्रताप सिकरवार उपस्थित रहे ।

# अपेक्षाओं का दायरा छोटा रखिए



क्यूँ हम चाहते है कि सब हमारी सोच के मुताबिक ही हो? इनको ऐसा करना चाहिए, उनको वैसा करना चाहिए और ऐसा नहीं होने पर अकुलाहट क्यूँ?

नेकी कर दरिया में ड़ाल इस कथन को याद रखकर सिर्फ़ अपने कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे, तो मन शांत और सकारात्मक रहेगा। अपेक्षाओं का दायरा हंमेशा छोटा रखिए, अपेक्षाएँ हटते ही दुनिया अपरिचित और अन्जान लगेगी और अन्जानों से कैसी अपेक्षा? जहाँ अपेक्षा ख़त्म हो जाती है सुकून की शुरुआत जीवन में वहीं से होती है।

बेशक हर इंसान के मन में अपेक्षाएँ रहती है, जब व्यक्ति की अपेक्षाएँ पूर्ण हो जाती है तब ज़ाहिर सी बात है खुशी मिलती है। लेकिन जब अपेक्षा के बदले उपेक्षा मिलती है तो इंसान अंदर से टूट जाता है। अपेक्षाएं मन का मोह है, चाहे व्यक्ति की अपेक्षाएं पूरी न हों, परन्तु वह अपेक्षा रखता जरूर है। माता-पिता बच्चों से, बच्चे माता-पिता से, पति, पत्नी से, पत्नी, पति से, गुरु, से, दोस्त को दोस्त से अपेक्षाएँ रहती ही है। रिश्ता कोई भी हो अपेक्षा से परे नहीं होता। सीधा गणित है अगर कोई इंसान हमारी अपेक्षाओं पर खरा उतरता है तो वह सही और अच्छा वरना बुरा है।

यदि किसीके लिए कुछ अच्छा करने के बाद मन में ये लालच उत्पन्न होती है कि हाँ मैंने तो इनके कितना कुछ किया, उसको भी मेरे लिये ये करना चाहिए, वो करना चाहिए वो गलत है। जब आपकी अच्छाईयों का प्रतिभाव नहीं मिलता तब मन खिन्न हो जाता है, सामने वाला पराया बन जाता है। उनके हर व्यवहार में कमियां नज़र आने लगती है। ये हमारी अपेक्षा की वजह से होता है। किसीके लिए कुछ करके भूल जाना बेहतर होता है।

हमारे कर्मों का हिसाब जहाँ होना चाहिए वहाँ अचूक होता है, और उसका फल भी मिलता है। आज हर रिश्ता स्वार्थ की क्षितिज पर खड़ा है। जब तक आप किसीको देते रहेंगे आप सर्वश्रेष्ठ है, जैसे ही किसी दिन ना बोल दी आप दुश्मन की श्रेणी में खड़े कर दिए जाओगे। इस परिस्थिति में किसीसे भी उम्मीद या अपेक्षा रखना रेत में से पानी निचोड़ने के बराबर है।

अपेक्षाएँ मौन एहसास चाहती है। जैसे पति की पत्नी से केयरिंग होने की अपेक्षा, तो अभिभावकों की बच्चों से यह अपेक्षा कि वे बुढ़ापे में उन की देखभाल करेंगे। जबकि बच्चे यह अपेक्षा करते हैं कि वे अपनी सोच और मन मर्ज़ी के अनुसार जिंदगी जिएंगे, जिस में माता-पिता की टोका-टोकी न हो। लेकिन व्यावहारिक जीवन में ऐसा नहीं होता कि सामने वाला आप की अपेक्षा के अनुरूप व्यवहार करे या आप की सोच के मुताबिक आपसे रिश्ता रखें। कर्तव्य और फ़र्ज़ निभाने की पहली शर्त है निस्वार्थ परोपकार करते जाओ, अपने हिस्से की धूप से किसी ओर का आशियां रोशन करते जाओ आपके घर की दीवारें हंमेशा झिलमिलाएगी। नेकी के पेड़ पर मीठा फल ही उगेगा। अगर ज़िंदगी में सुकून चाहिए और रिश्तों को ताउम्र बरकरार रखना चाहते हो तो कर्तव्य परायण अपना कर अपेक्षाओं को निजात दे दो। किसीसे भी अधिक उम्मीद निराश करेगी, कर्मों पर श्रद्धा रखिए अपेक्षाओं से सदा ही अधिक मिलेगा।

**भावना ठाकर 'भावु' (बेंगलूरु,कर्नाटक)**

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया कांग्रेस पार्टी के युवा नेता का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मेहगांव दुर्गा गार्डन में मनाया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सीटू सिंह गुर्जर**

मेहगांव कांग्रेस के युवा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया के जन्मदिन के उपलक्ष में क्षेत्र से आए लोगों ने फूल माला पहनाकर एवं केक कटवा कर भव्य स्वागत किया क्षेत्र में कई जगह भव्य स्वागत हुआ और सोशल मीडिया एवं फोन कॉल के माध्यम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य को क्षेत्र के जनता ने बधाई एवं शुभकामनाएं और आशीर्वाद दीया कांग्रेस पार्टी के युवा नेता क्षेत्र के प्रती सच्ची निष्ठा रखने वाले कांग्रेस पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा रहने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया के जन्मदिन के उपलक्ष मैं मेहगांव दुर्गा गार्डन में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होकर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी जिसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे भिंड जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया अजमेर सिंह गुर्जर रणजीत सिंह गुर्जर वरिष्ठ समाजसेवी हरिओम भदोरिया एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर सत्येंद्र दुबे योगेंद्र शर्मा सहित कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# नगर मे फैले अतिक्रमण को लेकर युवक कॉग्रेस ने जताई नाराजगी,बोले हॉस्पिटल पहुंचने का रास्ता जाम

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-नगर में सब्जी ब्यापारियों ने लाखो की लागत से बनी सब्जी मंडी आम रास्ते मे सब्जी के ठेले सजा लिए है।जिससे आमजन को निकलने में परेशानी हो रही है।नगर बाशियो की सुविधा को देखते हुए गुरुवार को युवक कॉग्रेस अध्यक्ष शेर सिंह कौरव के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओ ने नगर परिषद दबोह पहुँचकर नगर पँचायत अध्यक्ष बिमला नरेंद्र दुधारिया,उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी व सीएमओ के नाम सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।जिसमे उन्होंने बताया कि भिंड भांडेर रोड,कोंच रोड,अस्पताल रोड पर जगह जगह बाहन व सब्जी व फल ठेले खड़े रहते है।लोगो को आने जाने में परेशानी होती है।आये दिन जाम लगने की सम्भाबना बनी रहती है।जिसकी वजह से आये दिन हादसे होते रहते है।उन्होंने



सीएमओ को ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर में जगह चिन्हित कर बाहनों को दायरे में खड़ा करबाया जाए।वहीं उन्होंने कहा कि आये दिन अस्पताल रोड पर एम्बूलेंस को पहुँचने में असुबिधा होने की शिकायत मिल रही है।अस्पताल रोड पर अस्थाई सब्जी के ठेले लगा लिए जाते है।जिससे 5 मिनट का अस्पताल का रास्ता मरीजो को लगभग 20 मिनट में तय करना पड़ता है क्यों कि सब्जी मंडी वहां संचालित हो रही है और सब्जी विक्रेता रास्ते मे ही खराब सब्जी फेंक देते हैं जिससे पशुओं का भी जमाबाड़ा हो जाता है और रास्ता अवरुद्ध हो जाता है।वहीं आमजन को पैदल भी



निकलने में परेशानी होती है।कार्यकर्ताओं ने सब्जी के ठेलों को चिन्हित जगह पर लगबाया ने की ज्ञापन के माध्यम से अपील की है।ज्ञापन देने बालो में युवक कॉग्रेस अध्यक्ष शेर सिंह कौरव,राजेंद्र खेमरिया,पार्षद पति मेहताब दोहरे,कप्तान सिंह कौरव,शिवम स्वामी,पुष्पेंद्र सिंह यादव,मुनेश राठौर,राघवेंद्र गोस्वामी, जयभान सिंह, प्रदीप चौधरी सहित दर्जन भर लोग मौजूद रहे।

## बहुजन समाज पार्टी इकाई टीकमगढ़ के द्वारा विधानसभा खरगापुर में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**
**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**





**टीकमगढ़।** खरगापुर विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी इकाई टीकमगढ़ के द्वारा विधानसभा खरगापुर में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद मध्य प्रदेश के मुख्य प्रभारी इं. राम जी गौतम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी माननीय मुकेश अहिरवार प्रदेश प्रभारी माननीय सुनील बघेल प्रदेश अध्यक्ष माननीय इं. रमाकांत पिप्पल मौजूद रहे। एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के जिला अध्यक्ष माननीय मंटू लाल अहिरवार ने की एवं कार्यक्रम के मंच का संचालन जिले के प्रभारी जिला पंचायत सदस्य हदेश कुशवाहा ने की । कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद माननीय राम जी गौतम साहब ने जनता को संबोधित करते हुए वादा किया कि अगर बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनती है तो प्रदेश के अंदर सरकार बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान के अनुरूप लाएंगे एवं मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा आबादी ओबीसी समाज की है जिनको संख्या के अनुपात में 52त्न आरक्षण देकर उनकी सामाजिक राजनीतिक आर्थिक क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे साथ ही बहुजन समाज पार्टी पर हो रहे अत्याचारों एवं शोषण से मुक्ति के लिए सभी वर्ग समुदाय को बहुजन समाज पार्टी में आकर बहन जी की सरकार बनाने का आवाहन किया।

## निष्ठावान चालकों को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** –बुधवार को स्नेहजीवी ड्राइवर ट्रेड यूनियन द्वारा केंगेरी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने निष्ठावान चालकों को सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में महेन्द्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा हम जिस क्षेत्र में कार्यरत हैं अगर अपने कर्तव्यों का सही पालन करें तो वह देश की सेवा है।इस अवसर पर यूनियन के सदस्यों ने महेन्द्र मुणोत को सम्मानित किया।

## मध्य प्रदेश सरकार की धर्मस्य एवं संस्कृत मंत्री सुश्री उषा ठाकुर एवं सांसद संध्या राय जी का मौ मंडल में हुआ जोरदार स्वागत



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मौ-भिंड।** अल्प प्रवास पर पधारी म.प्र.सरकार की धर्मस्व और संस्कृति मंत्री सुश्रीद्बउषा ठाकुर एंव उनके साथ भिण्ड दतिया सांसद संध्याराय जी व आतुतोष तिबारी जी का मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ स्वागत और अभिनन्दन किया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव किसान मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष पर्वत जादौंन अनु मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष महेंन्द परिहार युवा मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष रामनिबास यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज कुशबाह सुल्तान मोर्य राजू मिश्रा दिलीप कुशबाह मेहबूब खांन अमजद खांन करु खांन सोनू खांन शतीष परिहार सोमबीर सिबहरे डां बेताल गोड संतोष यादव रामू कुशबाह बीरेन्द यादव बलबीर गोयल पूरन गोयल सूरज खटीक आकाश साक्य अरुण बाल्मीकि अर्मितलाल खटीक दिलीप खटीक संतोष खटीक आदि।

# शहर कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत भिण्ड के मानपुरा से बाराकला तक पदयात्रा की प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि पदयात्रा मानपुरा से शुरू होकर ग्राम बाराकला तक की गई ग्राम बाराकला में आम सभा का आयोजन भी हुआ ।आम सभा में बोलते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा की देश में इस वक्त लोकतंत्र खत्म हो गया है बीजेपी सरकार चारों तरफ हाहाकार मचाए हुए है आमजन बहुत परेशान है युवा बेरोजगार घूम रहा है सरकार रोजगार देने के नाम पर युवाओं के फार्म भरवा रही है और परीक्षा करा रही है लेकिन नौकरी नहीं दे रही है बेरोजगारी से परेशान होकर युवा आत्महत्या कर रहा है।इस अवसर पर शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहां की भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही है यात्रा का उद्देश्य बीजेपी समय देश में नफरत फैला रही है लोगों को जातिवाद और धर्म के नाम पर लड़ा रही है देश में इस वक्त माहौल बहुत खराब है आदरणीय राहुल गांधी 150 दिन की यात्रा यात्रा में लगभग 35 किलोमीटर चलेंगे भारत के तमाम शहरों में आम सभाओं का भी आयोजन होगा और बीजेपी की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश भी करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री




खिजर मोहम्मद कुरैशी ने कहा देश में महंगाई चरम सीमा पर है सरकार ने आटा चावल गेहूं पनीर और शहद पर जीएसटी लगाकर लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है पेट्रोल 110 डीजल 100 है और गैस सिलेंडर 1053 रु के करीब है अगर महंगाई से निजात पानी है तो आने वाले चुनावों में बीजेपी को हराना पड़ेगा पदयात्रा में प्रमुख रूप से रामप्रकाश यादव बाबा भगवान दास सेथिया, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया पिंकी, संतोष त्रिपाठी, रामहर्ष सिंह कुशवाह, मनोज देपुरिया, वीरेंद्र यादव संदीप मिश्रा, रेखा भदौरिया गुड्डू बाल्मिक ,पान सिंह बाबूजी, बलराम जाटव, रामजी लाल शाक्य, शैलेंद्र भदोरिया ,राजेश शर्मा, प्रमोद दीक्षित, पीसी सुखप्रीत मिश्रा, सूरज पाल सिंह राजावत ,महेश बोहरे, राहुल कुशवाह दीपू दुबे, राजू लोधी, रईस खान, अनीश कुरेशी, कुलदीप भारद्वाज संजय यादव, अजय विमल राघवेंद्र सिंह, सत्येंद्र भदोरिया ,संजीव बरुआ ,गजेंद्र यादव, गंगाराम जाटव, मोहर सिंह जाटव, राम प्रकाश जाटव, मनोज जैन, बिच्छू मनोज जैन मामा, अजब सिंह नरवरिया ,अजय शर्मा, राजवीर बघेल, विनोद पंडित, सुनीता दोहरे, नीलम भदौरिया, आनंद शाक्य, मोहम्मद इरफान, गम्मू रमेश ठाकुर, देवेंद्र सिंह, ओम प्रकाश राजावत, योगेंद्र सिंह राजावत, राजकुमार शर्मा,गमनु आदि कांग्रेसी उपस्थित थे

## विमान में बम की सूचना से राजा भोज एयरपोर्ट पर हड़कंप

**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट से आगरा की ओर जाने वाली इंडिगो की उड़ान में बम की सूचना से गुरुवार को हड़कंप मच गया। सीआइएसएफ ने तत्काल यात्रियों को सिक्योरिटी होल्ड एरिया में ही रोक दिया और विमान की जांच शुरू कर दी। सूचना गलत निकलने पर सभी ने राहत की सांस ली। इस चक्कर में उड़ान करीब आधा घंटा विलंब से रवाना हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 9:00 बजे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि हैदराबाद से भोपाल होकर आगरा जाने वाली उड़ान में विस्फोटक पदार्थ रखा हुआ है। इस सूचना से सीआइएसएफ अमला हैरान रह गया। तत्काल कंट्रोल रूम से अलर्ट मैसेज जारी किया गया और जवानों को सतर्क रहने को कहा गया। उस समय तक हैदराबाद से भोपाल आने वाले यात्री उतर चुके थे तथा भोपाल से आगरा जाने वाले यात्री विमान में सवार होने वाले थे। सुरक्षा की दृष्टि से यात्रियों को रुकने को कहा गया। तत्काल विमान की जांच की गई, लेकिन विमान में कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। बताया जाता है कि इंडिगो की एक महिला कर्मचारी ने संदिग्ध वस्तु देखने पर सीआइएसएफ को फोन किया था। बाद में वस्तुस्थिति स्पष्ट होने पर सभी ने राहत की सांस ली। सूचना मिलने पर इंटेलिजेंस ब्यूरो एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट एवं विमानतल सुरक्षा प्रभारी मानसिंह के अनुसार बम की सूचना सही नहीं थी लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से हमने पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद उड़ान को रवाना होने की अनुमति दे दी। हालांकि इस चक्कर में उड़ान 25 मिनट विलंब से रवाना हुई। एयरपोर्ट पर अक्सर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने की दृष्टि से माक ड्रिल की जाती है। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय का परीक्षण किया जाता है। लेकिन गुरुवार को जो बम होने की सूचना मिली, उससे सभी हैरान रह गए। एयरपोर्ट के कर्मचारियों ने पहले समझा कि आज फिर माकड्रिल होने वाली है बाद में पूरा मामला समझ में आने पर सभी तुरंत हरकत में आ गए। हालांकि बम की सूचना अफवाह निकली, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।



Demo Pic

## अमलीपदर क्षेत्र मटिया माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों की अभाव से बच्चों की भविष्य अंधकार एक टीचर के भरोसे चल रहा है स्कूल

**हेमचंद नागेश रिपोर्टर**

**गरियाबंद-** जिला के मैनपुर ब्लॉक तहसील कोर्ट अमलीपदर ग्राम पंचायत मटिया माध्यमिक स्कूल में शिक्षक की कमी के चलते बच्चों की भविष्य में अंधकार पड़ा है एक टीचर के भरोसे चल रहा है छठवीं से लेकर आठवीं तक शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने के कारण उस स्कूल के 114 छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ अन्याय हो रहे हैं माध्यमिक स्कूल मटिया के लिए आए दिन शिक्षकों की समस्या को दूर करने के लिए ग्रामीण सरपंच के पास पहुंचे जिसमें जय राम बिहारी राजेंद्र सोनवानी उदेश बीसी चौहान बिजी किशोर बीसी कैलाश टांडील हितेश भुवने बीसी गोलू सोनवानी आदि उपस्थित थे



## गाड़ी से फर्नीचर उठाकर स्कूल में रखने से मना करने पर प्राचार्य ने छात्र को लाठी से धुना, मामला दर्ज

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पथरिया तहसील अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल असलाना के एक छात्र द्वारा शाला में पहुंचे फर्नीचर को गाड़ी से उतारकर शाला में रखवाने के लिए मना किए जाने पर प्राचार्य द्वारा लाठी से पिटाई कर दी। जिस पर छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र के द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम असलाना में स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मैं बुधवार की शाम गाड़ी से फर्नीचर पहुंचा था। उसी बीच स्कूल की छुट्टी भी हो गई थी। जिस पर प्राचार्य शीलचंद्र डेहरिया ने छात्र मनोज पुत्र राजू सिह 17 वर्ष से गाड़ी से फर्नीचर उतरवाकर स्कूल में रखवाने के लिए कहा। इस पर छात्र ने यह कहते हुए मना कर दिया कि घर में पिता नहीं हैं, और मां अकेली है घर मे काम है। इस कारण से उसे जल्दी घर जाना है। इस बात को लेकर प्राचार्य शील चंद्र देहरिया काफी नाराज हो गए और उन्होंने तत्काल ही एक लाठी उठाकर छात्र मनोज की पिटाई कर दी, जिसमें मनोज को पैर में चोट आई है। इस घटना की छात्र ने पथरिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप मैं गोल्डमैडलिस्ट कौशल झा के ग्वालियर आगमन पर विश्वकर्मा जन संगठन ने किया जोरदार स्वागत

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** तुर्की के इस्ताम्बुल मे चल रही विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप मैं 53 वेट कैटेगरी सब जूनियर मे गोल्डमेडल जीता और विदेशी भूमि पर भारत देश का परचम लहराया और सभी भारतीयों को गौरान्वित किया ऐसे हमारे ग्वालियर के वीर सपूत श्री कौशल झा (गोलू) जी के आज ग्वालियर आगमन पर विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा श्री उमाशंकर ओझा अध्यक्ष ओझा समाज डबरा जी के नेतृत्व मैं उनके निवास शीलनगर मैं जोरदार स्वागत किया गया जिसमें क्षेत्रीय पार्षद श्री पीपी शर्मा जी,भाजपा वरिष्ठ नेता श्री मुरारीलाल ओझा जी एम.एम.शर्मा जी,अनुराग शर्मा जी ( क्क.ग्वालियर महापौर) बॉबी राय जी संगठन के



संरक्षक श्री मोहन विश्वकर्मा जी श्री बालकिशन विश्वकर्मा जी श्री नाथूराम विश्वकर्मा जी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी उपाध्यक्ष डॉ बेताल विश्वकर्मा जी सह सचिव सुदामा विश्वकर्मा जी जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर वीर सिंह विश्वकर्मा जी जिला अध्यक्ष ग्वालियर ग्रामीण छबिराज विश्वकर्मा जी ग्वालियर विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा जी जिला उपाध्यक्ष मोनू विश्वकर्मा जी उपाध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा जी संगठन के वरिष्ठ एवं पूर्व ग्वालियर अध्यक्ष श्री जुगल किशोर विश्वकर्मा जी दक्षिण



विधानसभा अध्यक्ष रवि विश्वकर्मा जी विधानसभा उपाध्यक्ष टिंकू विश्वकर्मा डॉ शिवकुमार झा जी राम जी मनोज झा जी संदीप झा जी सचिन झा जी विनोद झा जी कमल झा जी रामू झा जी रामबरन विश्वकर्मा जी एवं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ से प्रदेश प्रचारक श्री गिर्राज ओझा जी संभागीय कोषाध्यक्ष श्री अनिरुद्ध त्रिपाठी जी जिला अध्यक्ष ग्वालियर श्री अशोक सोनी जी जिला उपाध्यक्ष ग्वालियर श्री अरुण ओझा जी जिला सचिव श्री नवल झां जी सौरभ विश्वकर्मा मौ पवन विश्वकर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# मंत्री श्री सिलावट एवं मंत्री श्री तोमर ने एलीवेटेड रोड़ के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री श्री चौहान व केन्द्रीय मंत्रिगण श्री गड़करी, श्री तोमर व श्री सिंधिया की मौजूदगी में 15 सितम्बर को होगा शुभारंभ

ग्वालियर। ग्वालियर के सुनियोजित विकास में नए एवं ऐतिहासिक प्रतिमान के रूप में जुड़ने जा रहे एलीवेटेड मार्ग का भूमिपूजन 15 सितम्बर को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर तथा केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित राज्य सरकार के मंत्रिगण लगभग 447 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रहे प्रथम चरण के एलीवेटेड रोड़ का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही आईएसबीटी (अंतर्राज्यीय बस अड्डा) की आधारशिला भी रखेंगे।

जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट तथा ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यहाँ गोले का मंदिर मुरैना रोड़ पर ट्रिपल आईटीएम के सामने स्थित एलीवेटेड रोड़ के भूमिपूजन समारोह स्थल का गुरूवार को जायजा लिया। साथ ही समारोह की सभी तैयारियाँ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि एलीवेटेड रोड़ ग्वालियरवासियों के लिये बहुत बड़ी सौगात है। इसलिए शुभारंभ समारोह का आयोजन पूरी गरिमा व भव्यता के साथ किया जाए। एलीवेटेड रोड़ के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले नागरिकों को कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर कहा कि ग्वालियर शहर के लिए एलीवेटेड रोड़ निर्माण से न केवल शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, अपितु शहर एक महानगर का रूप लेगा। इसलिए सड़क के महत्व को ध्यान में रखकर समारोह की सभी व्यवस्थाओं को इस प्रकार से अंजाम दें, जिससे जिलेवासी सुगमतापूर्वक समारोह में पहुँचकर ऐतिहासिक पलों के साक्षी बन सकें। साथ ही सड़क आवागमन भी बाधित न हो। मंत्री द्वय ने बरसात को ध्यान में रखकर कार्यक्रम स्थल पर पण्डाल आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, नगर निगम के सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढ़पाले सहित नगर निगम, लोक निर्माण, ब्रिज कॉर्पोरेशन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### स्वर्ण रेखा पर 6 किलोमीटर लम्बाई में बनेगी प्रथम चरण की एलीवेटेड रोड़

शहर के बीच से होकर बह रही स्वर्ण रेखा नदी पर एलीवेटेड रोड़ बनने जा रहा है। ऐलीवेटेड रोड़ का निर्माण लगभग 447 करोड़ रूपए की लागत से होगा। इसमें से लगभग 406 करोड़ रूपए की राशि केन्द्र सरकार एवं लगभग 41 करोड़ रूपए की धनराशि राज्य सरकार ने मंजूर की है। स्वर्ण रेखा पर अत्याधुनिक तकनीक से प्रथम चरण में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के समीप से ट्रिपल आईटीएम तक लगभग 6 किलोमीटर लम्बाई में एलीवेटेड रोड़ का निर्माण होगा।

कार्यपालन यंत्री सेतु निगम श्री ज्ञानवर्धन मिश्रा ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई की समाधि से ट्रिपल आईटीएम तक लगभग 6 किलोमीटर लम्बाई में बनने जा रहे एलीवेटेड रोड़ की कुल चौड़ाई लगभग 16 मीटर होगी। डिवाइडर के अलावा दोनों ओर की सड़कों की चौड़ाई 7.25 - 7.25 मीटर होगी। एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये 6 किलोमीटर की लम्बाई में 6 स्थानों पर रैम्पनुमा 13 सड़कें बनाई जायेंगीं। एलीवेटेड रोड़ के प्रारंभ स्थल यानि रानी लक्ष्मीबाई समाधि के नजदीक और दूसरे छोर पर ट्रिपल आईटीएम के समीप एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये अलग - अलग रैम्प बनाए जायेंगे। हजीरा क्षेत्र में एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये दो स्थानों पर अलग-अलग रैम्प बनेंगे अर्थात यहाँ पर कुल चार रैम्प बनेंगे।

# भाजपा प्रदेश-देश में भय का वातावरण बना रही हैः प्रभारी चौहान

### राहुल गांधी की पदयात्रा ऐतिहासिक होगी

### भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच ले जाएं

### महगांई व बेरोजगारी से आम आदमी परेशान




ग्वालियर। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं ग्वालियर के प्रभारी महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा देश व प्रदेष में भय का वातावरण बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाडने का काम कर रही है। कांग्रेस के हर कार्यकता को भाजपा की झूठ-फरेब की राजनीति को जनमानस के बीच उजागर करना है। मंहगाई एवं बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। मंहगाई पर कंट्रोल करने के लिए शिवराज सरकार ने कभी कोई कदम नहीं उठाया है। जनता त्रस्त है और मुख्यमंत्री व मंत्री और अफसर मस्त हैं। यह बात श्री चौहान ने आज यहां चेम्बर ऑफ कॉमर्स में ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में की।

बैठक में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सह प्रभारी सौरभ सोलंकी, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, सुरेन्द्र यादव, हेबरन कंषाना, संजय राठौर, दुष्?यंत साहनी, चन्द्रपाल सिंह, अशोक तोमर, राजीव दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, राकेश गुर्जर एवं पप्पू श्रीवास मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन मेयर-इन-कॉउसिल के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी श्री चौहान ने कहा कि भाजपा ने देश व प्रदेश मे अराजकता का माहौल बना दिया है। देश भर में नौजवान बेरोजगार हैं और मंहगाई की मार से हर वर्ग पेरशान है। उन्होंने राहुल गांधी की पदयात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि और नेताओं ने तो रथों में बैठकर यात्राएं की, मगर राहुल गांधी की पदयात्रा ऐतिहासिक होगी। यह पद यात्रा लोगों को जोडने, सामाजिक सद्भाव पैदा करने, बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए की जा रही है। राहुल गांधी की पदयात्रा बहादुरी की मिशाल बनेगी, आप लोगों को वार्डों में पदयात्राएं निकालना होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में पुलिस व प्रशासन के सहारे निकाए चुनाव में कई जगह चुनाव जीते हैं, मगर जनता ने भाजपा को चुनाव हराया है। श्री चौहान ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर पर और मजबूत करना है और जनता की हर समस्या का निदान कराने के लिए खडा रहना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग पार्टी में बडे पदों पर रहकर काम नहीं कर रहे है, वे अपने काम में गति लाएं। पद उपकृत करने के लिए नहीं मिलते हैं। पद पर रहकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। इससे पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि चुनाव सामने हैं और विधानसभा चुनाव जीतने के लक्ष्य को लेकर काम में जुट जाएं। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हम सब कांग्रेस पार्टी के सिपाही है और जनसेवा करने के साथ-साथ जनता की भावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों का गति देना है। कांग्रेस धरातल पर काम करती हैं जनता के सुख-दुःख में साथ खडी रहती हैं, जबकि भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति कर जनता को गुमराह करने का काम करती है।

बैठक में पार्षद श्रीमती गायत्री मण्डेलिया, पार्षद सुरेन्द्र साहू, श्रीमती बीना भारद्वाज, श्रीमती चंदन शर्मा, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती सुनीता तोमर, गीता गुप्ता, श्रीमती अरूण गुप्ता, महेन्द्र शर्मा, सोनू भदौरिया, कुलदीप कौरव, सुरेश प्रजापति, विजय बहादुर त्यागी, दिनेश पाराशर, अशोक शर्मा, अनूप शिवहरे, गौरव तिवारी, रामबाबू श्रीवास, राजा भदौरिया, जहान सिंह तोमर, दलबीर बौहरे, हेमलता प्रजापति, भूपेन्द्र तोमर (मिक्की), जसवंत सैजवार समेत चार सौ से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रेशममिल आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

### जन सहयोग करने वाले श्री हेमंत निगम को दी बधाई



ग्वालियर। बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही उनके समग्र विकास के लिये संचालित की जा रही आंगनबाड़ी केन्द्रों को और बेहतर बनाने में समाज भी आगे आया है। यह एक शुभ संकेत है। ग्वालियर शहर की रेशममिल में संचालित बाल शिक्षा केन्द्र इसका एक आदर्श उदाहरण भी है। प्रदेश के जल संसाधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने के उपरांत यह बात कही।

आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने आंगनबाड़ी केन्द्र पहुँचकर बच्चों से मुलाकात की और उनसे आत्मीय चर्चा की। आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाओं से भी उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री ने बच्चों को फलाहार एवं टॉफी भी वितरित की। आंगनबाड़ी केन्द्र में समाजसेवक श्री हेमंत निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए टीव्ही, एसी एवं वाटर कूलर की सुविधा को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और श्री हेमंत निगम को इस नेक कार्य के लिये बधाई भी दी।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि रेशममिल आंगनबाड़ी केन्द्र में जिस प्रकार जन सहयोग से समाज के लोगों ने सहयोग किया है ऐसा ही सहयोग हर आंगनबाड़ी केन्द्र पर समाज की सहभागिता से किया जाना चाहिए।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी बच्चों से चर्चा कर उनको मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों को और बेहतर बनाने की बात उन्होंने कही।

महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी श्री राहुल पाठक ने प्रभारी मंत्री को ग्वालियर जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों में किए गए सुधार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ-साथ अधिकारियों ने भी आंगनबाड़ी केन्द्र को गोद लेकर उसको बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया है।

# ग्वालियर की ऐतिहासिक रामलीला के लिए प्रभारी मंत्री ने किया भूमिपूजन



ग्वालियर। ग्वालियर शहर में लगातार 75 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह बहुत ही प्रसन्नता की बात है। इस वर्ष भी रामलीला पूर्ण गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित हो, इसके लिए जो भी आवश्यकतायें होंगीं उसकी पूर्ति की जायेगी। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गुरूवार को फूलबाग मैदान पर रामलीला समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के भूमिपूजन के अवसर पर यह बात कही।

भूमिपूजन समारोह के अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संत श्री कृपाल सिंह महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, रामलीला आयोजन समिति के संयोजक एवं पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि ग्वालियर की रामलीला ऐतिहासिक है। लगातार 75 वर्षों से रामलीला का आयोजन गरिमा और भव्यता के साथ किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में भी यह आयोजन निरंतर और भव्यता के साथ आयोजित हो। आयोजन से जुड़े सभी पदाधिकारी इसके लिये बधाई के पात्र हैं।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस मौके पर कहा कि ग्वालियर में पिछले कई वर्षों से छत्री बाजार के मैदान पर रामलीला का भव्य आयोजन होता रहा है। इस वर्ष यह आयोजन फूलबाग मैदान पर किया जा रहा है। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सफल हो। इस आयोजन में समाज के सभी वर्ग सहभागी रहते हैं। शासन-प्रशासन की ओर से भी जो सहयोग अपेक्षित है उसे पूरा किया जायेगा।

# हवाई सेवाओं के विस्तार से ग्वालियर के उद्योग, पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा - श्री सिलावट



### नईदिल्ली से ग्वालियर के बीच एयरबस सेवा शुरू

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया यात्रियों का आत्मीय स्वागत

ग्वालियर। ग्वालियर में हवाई सेवाओं के विस्तार की श्रृंखला में एयरबस के रूप में एक और नया आयाम जुड़ा है। हवाई सेवाओं के विस्तार से उद्योग, पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। यह बात जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल परिसर पर एयरबस (नईदिल्ली - ग्वालियर - नईदिल्ली) के प्रथम आगमन पर आयोजित हुए कार्यक्रम में कही। उन्होंने ग्वालियर को एयरबस की सौगात देने के लिये संपूर्ण मध्यप्रदेश और ग्वालियरवासियों की ओर से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की।

इस अवसर पर बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, नगर निगम के सभापति श्री मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, संत कृपाल सिंह, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल तथा सर्वश्री हरीश मेवाफरोश, अशोक शर्मा, विनोद शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, हरीपाल, के डी सोनकिया, महेश मुदगल व अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। साथ ही कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं इंडिगो व एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने इस अवसर पर इंडिगो एयरलाइंस के प्रतिनिधियों से कहा कि वे नईदिल्ली व ग्वालियर के बीच शुरू हुई एयरबस की तर्ज पर इंदौर से ग्वालियर के लिए भी एयर बस सेवा शुरू करने का प्लान तैयार करें।

## संक्षिप्त समाचार

### मुनिश्री के संस्कार शिविर में दशलक्षण पर्व के नौवें दिन गुरुवार को उत्तम आकिचन धर्म की हुई पूजा

### आकिंचन धर्म के बिना मोक्ष मिलना बिलकुल असंभव है : मुनिश्री विनय सागर




ग्वालियर। धर्म का नौवां लक्षण उत्तम आकिंचन्य है। त्याग करते-करते, जब यह अहसास होने लगे कि यहां मेरा कुछ भी नहीं है, तब यह आकिंचन्य धर्म प्रकट होता है। मन के परिग्रह को त्यागने वाला श्रावक ही वास्तविक रूप में अकिंचन धर्म अंगीकार कर सकता है। जिस श्रावक ने परिग्रह का त्याग नहीं किया वह अकिंचन धर्म का पालन करने का अधिकारी नहीं हो सकता है। सारे परिग्रहों का त्याग ही आकिंचन धर्म है। जगत के जीव आपके सम्मान के कर्ता हो सकते हैं, लेकिन आपके पुण्य-पाप के कर्ता नहीं हैं। किंचित भी वस्तु का परिग्रह आपके मोक्ष मार्ग में कष्टदायी है, आकिंचन धर्म के बिना मोक्ष मिलना असंभव है। उक्त उद्गार पर्युषण पर्व के नौवें दिन गुरुवार को उत्तम आकिंचन धर्म पर श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय वर्षायोग समिति व सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कॉलेज के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि जब श्रीराम का राज तिलक होना था और राजा दशरथ का वैराग्य हो गया, तो श्रीराम ने कहा कि मुझे कुछ नहीं चाहिए, लेकिन पूरा जगत मिल गया। श्रीराम का यह कार्य त्याग आकिंचन कहलाता है। जैसे जल से भिन्न कमल होता है वैसे श्रीराम भी ग्रहस्थ में रहकर निरलिप्त रहे। जिसने आकिंचन्य धर्म प्राप्त कर लिया, वह सुखी है, नहीं तो आजीवन क्लेश है। परिग्रह की लालसा ही दुख का कारण है। मेरा शरीर है, मेरे स्त्री-पुत्र है, मकान वैभव आदि है। धर्मसभा से पहले मुनिश्री के चरणों का पदाप्रच्छालन एवं शास्त्र भेट जैन समाज के समाजजनो ने सामूहिक रूप से की। इंद्रो ने सोने कलशों से किया भगवान का अभिषेक, अकिंचन धर्म की आरधान कर अर्घ्य समपित किए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज व पंडित ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन के मार्ग दर्शन में इंद्रो ने संगीतमय भगवान जिनेंद्र का जयकारों के साथ सोने के कलशों से जल अभिषेक किया। मुनिश्री ने अपने मुखबिंद से भगवान की शांतिधारा संदीप गेंदालाल जैन एवं ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन परिवार ने की। इंद्रा-इंद्राणियो ने पीले वस्त्र धारण कर उत्तम अकिंचन धर्म एवं भक्तामर विधान की आरधान के साथ अष्ट्र द्रव्य से पूजन अर्चना कर भजनों के संगीतमय भक्ति नृत्य करते हुए भगवान जिनेंद्र के समक्ष महाअर्ध्य समर्पित किए।

### थाना बिलौआ पुलिस ने 07शातिर नकबजनों को चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार, चोरी व नकबजनी की 06 बारदातों का हुआ खुलासा



ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसेके निर्देष पर ग्वालियर जिले में लूट, नकबजनी, चोरी के प्रकरणों का खुलासा कर आरोपीगणों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 08.09.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विगत दिनों थाना बिलौआ क्षेत्रांतर्गत हुई नकबजनी की तीन बारदातों को अंजाम देने वाले बदमाष ग्राम लखनौती के एक मकान में एकत्रित होकर किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक देहात श्री जयराज कुबैर को सूचना की तस्दीक कराकर नकबजनी की घटना कारित करने वाले चोरों को पकड़े हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री विवेक कुमार शर्मा के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी बिलौआ निरी0 रमेष शाक्यद्वारा थाना बल को मुखबिर के बताये स्थान ग्राम लखनौंती भेजा गया। पुलिस टीम को ग्राम लखनौंती में एक मकान के पास मुखबिर के बताये हुलिये के सातसंदिग्ध लोग दिखाई दिये, जिन्होने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त सातों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्धोंसे पूछताछ करने पर उन्होने थाना बिलौआ क्षेत्र में नकबजनी की 04बारदात एवं थाना सिरोल क्षेत्र में 02 बारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।पकड़े गये बदमाषों में 06 बदमाष ग्राम लाखनौंती एव 01 बदमाष ग्राम सकतपुरा थाना पिछोर का निवासी है।पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये नकबजनों की निषादेही पर उनके पास से 02 पंखे, 01 तेल बनाने वाली मषीन, आटा चक्की, 04 डेल कंपनी के मॉनीटर एवं एक सीपीयू सहित 4100/- रूपये नगद बरामद किया जाकर विधिवत जप्त किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478